डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

आधुनिक समाचार



PG-5



PG-8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमाः-फिल्म देख भावुक हुए रजनीकांत ने ऋषभ शेट्टी को किया सलाम.....

वर्ष -08 अंक -201 | प्रयागराज, शुक्रवार, 28 अक्टूबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

संक्षिप्त समाचार

मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। मल्लिकार्जुन खड़गे के नए कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद कार्यसमिति के सभी सदस्यों, महासचिवों और प्रभारी ने अपना इस्तीफा दे दिया, ताकि नए प्रमुख को अपनी टीम स्थापित करने में मदद मिल सके। नए अध्यक्ष के चुनाव के तुरंत बाद कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों के इस्तीफा

देने की परंपरा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव संगठन वेणुगोपाल ने कहा, 'सभी सीडब्लूसी सदस्यों, एआइसीसी महासचिवों और प्रभारी ने कांग्रेस अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।' कांग्रेस के संविधान के अनुसार, खड़गे के चुनाव की पुष्टि पार्टी के पूर्ण सत्र में की जाएगी, जो इस साल मार्च-अप्रैल में होने की संभावना है। नई सीडब्लूसी, जो कांग्रेस की शीर्ष निणर्य लेने वाली संस्था है, पूर्ण सत्र के तुरंत बाद खड़गे द्वारा पुनर्गठित की जाएगी। पार्टी संविधान के अनुसार सीडब्लूसी के 11 सदस्य मनोनीत होंगे और 12 निर्वाचित होंगे। इसके अलावा संसद में पार्टी के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष भी कार्यसमिति के सदस्य होंगे। हालांकि, जब तक खड़गे के चुनाव की पुष्टि नहीं हो जाती, तब तक नए पार्टी प्रमुख द्वारा एक नई संचालन समिति का गठन किया जाएगा जो पूर्ण सत्र तक सीडब्लूसी के रूप में कार्य करेगी। इससे पहले, अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद खड़गे ने कहा, 'आज मेरे लिए बहुत ही भावुक क्षण है, आज एक कार्यकर्ता मजदूर के बेटे, एक सामान्य कार्यकर्ता को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुनने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

केरल के राज्यपाल आरिफ खान ने एश् विजयन को लिखा पत्र, वित्त मंत्री बालगोपाल के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

(आधुनिक समाचार सेवा)

तिरुवनंतपुरम। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर राज्य के वित्त मंत्री बालगोपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को पत्र लिखकर सूचित किया है कि वह वित्त मंत्री के.एन. बालागोपाल द्वारा दिए गए बयान खुश नहीं हैं। मुख्यमंत्री

पिनाराई विजयन को लिखे अपने पत्र में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आरोप लगाया कि बालगोपाल ने 19 अक्टूबर को एक विश्वविद्यालय परिसर में एक भाषण दिया। जिसमें बालगोपाल ने क्षेत्रीयता और प्रांतीयता की आग को भड़काने और भारत की एकता को कमजोर करने का प्रयास किया था। नतीजतन, उन्हें यह बताने के लिए मजबूर होना पड़ा कि वित्त मंत्री का बयान शर्मनाक है। साथ ही केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य के वित्त मंत्री के.एन. बालगोपाल पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने मुख्यमंत्री को संवैधानिक रूप से उचित कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। आपको बता दें कि केरल के राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच पिछले कुछ दिनों से विवाद देखने को मिल रहा है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राज्य के सभी कुलपतियों से इस्तीफा मांगा है। जिसके विरोध में 9 कुलपतियों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हालांकि, राज्यपाल के इस फैसले को लेकर सीपीआई ने सवाल उठाए हैं। सीताराम येचुरी का आरोप है कि वे कुलपतियों के पद पर आरएसएस नेताओं को बैठाना चाहते हैं।

गुजरात मे नव वर्ष का आगाज पीएम मोदी, अमित शाह और राहुल गांधी ने दी शुभकामनाए

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजराती नव वर्ष के अवसर पर गुजरात के लोगों को बधाई दी। की ऊंचाइयों को छुए। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी गुजराती नव वर्ष के मौके पर गुजरात के लोगों को शुभकामनाएं दीं। गृह मंत्री शांति और समृद्धि ले कर आए और गुजरात को प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ाए। बता दें कि गुजराती नव वर्ष कार्तिक माह में मनाया जाता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुजराती में ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि सभी गुजरातियों को नए साल की हार्दिक शुभकामनाएं। आज से शुरू होने वाला नया साल आपके जीवन को रोशन करे और आपको प्रगति के पथ पर ले जाए पीएम मोदी ने ट्वीट में आगे लिखा कि नए संकल्पों, नई प्रेरणाओं और नए लक्ष्यों के साथ नया साल मुबारक हो, इस आकांक्षा के साथ गुजरात हमेशा उपलब्धि

अमित शाह ने ट्वीट किया कि मेरे सभी भाइयों और बहनों को गुजराती नव वर्ष की शुभकामनाएं। यह नव वर्ष आप सभी के जीवन में खुशियां लेकर आए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने भी गुजराती नव वर्ष की बधाई दी। राहुल ने कहा कि गुजरात के मेरे सभी भाई-बहनों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। आने वाला साल आप सभी के जीवन में सुख,

गुजराती नववर्ष का दिन गुजरात के लोगों के लिए साल का सबसे बड़ा दिन होता है। गुजराती विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार, गुजरात में नववर्ष की शुरुआत दिवाली के बाद होती है। गुजरात के लोग एक-दूसरे को 'साल मुबारक' और 'नूतन वर्ष अभिनंदन' कहकर नए साल की मुबारकबाद देते हैं। इसे बेस्तु वर्ष और वर्ष-प्रतिपदा या पाडवा भी कहा जाता है।

भारी हमले के बीच यूक्रेन में एक सप्ताह में दूसरी एडवाइजरी

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। रूस- यूक्रेन युद्ध आठ महीने के बाद रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यूक्रेन के क्रीमिया के पुल पर उड़ाने की घटना के बाद रूस भारी गुस्से में है। वह यूक्रेन की राजधानी कीव समेत सभी शहरों में बड़े पैमाने पर हमले कर रहा है। इस कारण जानमाल का संकट

पैदा हो गया है। ऐसे में यूक्रेन से फिर लोग पलायन को मजबूर हो गए हैं। अब बढ़ती शत्रुता को देखते हुए यूक्रेन में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक ताजा एडवाइजरी जारी कर वहां के सभी भारतीयों को देखते हुए तुरंत देश छोड़ने को कहा।

संभालेंगे कांग्रेस अध्यक्ष का पदभार, जल्द करेंगे हिमाचल और गुजरात का दौरा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज पदभार ग्रहण करेंगे। वह दिल्ली में अखिल

भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) मुख्यालय में पद का कार्यभार संभालेंगे। गैर गांधी अध्यक्ष समारोह में सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल होंगी। वहीं इस समारोह में सभी कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, सांसद, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, सीएलपी नेता, पूर्व सीएम, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अन्य एआइसीसी पदाधिकारी के भी शामिल होने की संभावना है। ये सभी निमंत्रण महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल द्वारा भेजे गए है। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। दिवाली त्योहार के कारण राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा दो दिन के लिए स्थगित कर दी गई थी। अब पार्टी के नए अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह होने के कारण भारत जोड़ो यात्रा को दो दिन और आगे बढ़ा दिया गया है।

ऋषि सुनक पर नस्लीय टिप्पणी, कॉमेडियन ट्रेवर नूह ने आलोचकों को दिया करारा जवाब

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। भारतीय मूल के ऋषि सुनक ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री बन गए हैं। दुनिया भर के देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने ऋषि सुनक को ब्रिटेन

का पीएम बनने पर बधाई दी है। इस बीच कॉमेडियन ट्रेवर नूह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। कॉमेडियन ट्रेवर नूह ने ऋषि सुनक पर नस्लीय टिप्पणियां करने वालों को करारा जवाब दिया है। दरअसल, कॉमेडियन ट्रेवर नूह ने ऋषि सुनक पर नस्लीय टिप्पणियां करने वालों को अपने शो के माध्यम से जवाब दिया। नूह ने कहा है कि ऋषि सुनक सिर्फ 42 वर्ष के है। जिसका मतलब है कि वह ब्रिटेन की अच्छी तरह से सेवा करेंगे। हालांकि, इस दौरान उन्होंने कहा कि ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बनने से यूके में हर कोई खुश नहीं है।

ट्रेवर नूह ने अपने टॉक शो में कहा कि ब्रिटेन के लोग ऋषि सुनक के पीएम बनने की बात को गलत तरीके से ले रहे हैं। ऋषि सुनक का प्रधानमंत्री बनना ब्रिटेन और यहां लोगों के लिए एक अच्छी बात है। ट्रेवर नूह आगे कहते हैं कि 400 सालों के बाद आप अपने देश की समस्याओं के लिए गैर-श्वेत व्यक्ति को दोषी ठहरा रहे हैं। आप लोग सपने में जी रहे हैं दरअसल, कॉमेडियन ट्रेवर नूह ने अपने प्रोग्राम 'द डेली शो' में एक ब्रिटिश रेडियो शो की एक क्लिप का जिक्र किया था। इस रेडियो शो में कॉलर को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि एक गैर-श्वेत व्यक्ति का यूनाइटेड किंगडम का पीएम बनना अच्छी बात क्यों नहीं है। कॉलर आगे कहता है कि क्या आप कल्पना कर सकते है कि मैं पाकिस्तान या फिर सऊदी अरब का प्रधानमंत्री बन सकता हूं। ब्रिटेन के लोग प्रधानमंत्री के पद पर ऐसे व्यक्ति को देखना चाहेंगे, जो उनके जैसा दिखता हो।

तेलंगानाः पड़ोसियों को अपशब्द बोल उनके जलाए दीया फेंकती नजर आईं महिल

(आधुनिक समाचार सेवा)

हैदराबाद। सोशल मीडिया पर और पब्लिक में जाकर खूब हल्ला मचाया। करीमनगर जिले में

तेलंगाना का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें दिवाली के अवसर पर दीया जलाने वाले पड़ोसियों को एक महिला अपशब्द बोल रही है। साथ ही सभी दीया को फेंकती भी नजर आ रही है। इसमें सांप्रदायिकता जैसा कोई मामला नजर नहीं आ रहा है। हां, इसमें पड़ोसियों के साथ मतभेद व लड़ाई-झगड़े जैसा कुछ सामने आ रहा है। महिला के खिलाफ मामला दर्ज है। इसमें जांच जारी है। यह जानकारी चिक्कादपल्ली के इंस्पेक्टर ने बुधवार को बताया तेलंगाना के मैनचेरियल टाउन में अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक पुलिसकर्मी ने जमकर शराब पी बेजिआंकी पुलिस स्टेशन में तिरुपति नामक सब-इंस्पेक्टर व उनके दोस्तों ने सड़क पर शराब पी और मंगलवार रात जमकर हो-हल्ला किया। स्थानीय निवासियों ने 100 डायल कर स्थानीय निवासियों को सूचित किया। जब पुलिस के जवान वहां पहुंचे सब-इंस्पेक्टर और उनके दोस्तों ने बहस की और उनपर हमला कर दिया। मैनचेरियल जिले के हाजीपुर मंडल स्थित वेमपल्ली गांव का रहने वाला तिरुपति दिवाली मनाने घर आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार सब-इंस्पेक्टर व उनके दोस्तों की खोज हो रही है।

पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव एश्टन कार्टर का 68 वर्ष की आयु में निधन विदेश मंत्री जयशंकर ने जताया दुख

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव एश्टन कार्टर का 68 वर्ष की आयु में मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। बता दें कि एश्टन कार्टर ने बराक ओबामा की अध्यक्षता में अमेरिका

के 25वें रक्षा सचिव के रूप में कार्य किया था। अमेरिका की सेना में सेवा देने वाले ट्रांसजेंडर समुदाय पर प्रतिबंध हटाने के लिए उनकी व्यापक सराहना की गई थी। एश्टन कार्टर के निधन पर जयशंकर ने जताया दुख वहीं, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव एश्टन कार्टर के निधन पर शोक व्यक्त किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव एश्टन कार्टर की मृत्यु को अमेरिका के लिए एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने ट्वीट किया कि पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव एश्टन कार्टर के निधन के बारे में जानकर गहरा सदमा लगा। उनके साथ काम करना बहुत अच्छा था और हमारे रक्षा संबंधों के प्रबल समर्थक थे। वह एक वैश्विक रणनीतिकार भी थे, जो हमेशा विचारोत्तेजक थे।सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, उनके परिवार ने एक बयान में कहा कि अमेरिका के पूर्व रक्षा सचिव एश्टन कार्टर को सोमवार रात बोस्टन में अचानक हृदय संबंधी परेशानी का सामना करना पड़ा था। जिसके बाद उनका निधन हो गया है। एश्टन कार्टर ने राष्ट्रपति ओबामा के अंतिम रक्षा सचिव के रुप में फरवरी 2015 से जनवरी 2017 तक रक्षा विभाग का नेतृत्व किया था। पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव एश्टन कार्टर के निधन पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन व पूर्व राष्ट्रपति बराम ओबामा ने भी दुख जताया है। जो बाइडन ने कहा कि जब मैं ऐश कार्टर के बारे में सोचता हूं, तो मैं असाधारण ईमानदारी के व्यक्ति के बारे में सोचता हूं। वहीं, बराक ओबामा ने कहा कि मिशेल और मैं ऐश की पतनी, बच्चों और उन सभी के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते है, जो उनसे प्यार करते हैं। सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि अपनी मृत्यु के समय एश्टन कार्टर हार्वर्ड केनेडी स्कूल में प्रौद्योगिकी और वैश्विक मामलों के प्रोफेसर के रूप में कार्यरत थे।

असम में चक्रवात सितरंग से 83 गांवों के 1100 से ज्यादा लोग प्रभावित

(आधुनिक समाचार सेवा)

गुवाहाटी। असम में चक्रवात सितरंग के चलते स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यहां चक्रवात के कारण करीब 83 गांवों के 1100 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। चक्रवात के चलते हुई भारी बारिश में बड़ी तादाद

में घरों को नुकसान पहुंचा है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मुताबिक तूफान से अब तक 1146 लोग प्रभावित हुए हैं। अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक चक्रवात के कारण करीब 325.501 हेक्टेयर फसलों को नुकसान पहुंचा है। सोमवार रात आए चक्रवाती तूफान के कारण राज्य के नगांव जिले के विभिन्न हिस्सों में कई पेड़ और बिजली के खंभे भी उखड़ गए। रिपोर्टों के अनुसार, तूफान के कारण मध्य असम जिले के कलियाबोर, बामुनि, सकमुथिया चाय बागान और बोरलीगांव क्षेत्रों में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। चक्रवात के चलते भारी तबाही के बीच राहत की खबर यह है कि, अभी तक किसी जनहानि की सूचना नहीं दी गई है। प्रभावित गांव के मुखिया द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र में अभी तक तूफान से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि कलियाबोर क्षेत्र में तूफान से कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और कई पेड़ उखड़ गए। एक सरकारी ग्राम प्रधान के रूप में, मैंने पूरे गांव का दौरा किया है और मैं अपने सर्कल अधिकारी को नुकसान की रिपोर्ट सौंपूंगा। इस बीच, चक्रवात सितरंग के चलते पश्चिम बंगाल के 24 परगना में बक्खाली समुद्र तट पर ज्वार की सूचना दी गई है। सिविल डिफेंस के लोगों ने पर्यटकों और स्थानीय लोगों को समुद्र से दूर रहने के लिए कहा है, साथ ही इलाके में चेतावनी भी जारी की है। भारतीय मौसम विभाग की ओर से मंगलवार को दी गई जानकारी के मुताबिक चक्रवात 'सितरंग' पश्चिम बंगाल तट को पार करते हुए बरिसाल के निकट बांग्लादेश तट से टकराया है। जिससे भारत में चक्रवात सितरंग कुछ कमजोर पड़ गया, लेकिन कई राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है।

असम में मिया संग्रहालय सील कर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया

(आधुनिक समाचार सेवा)

गुवाहाटी। असम के गोलपारा जिले में स्थापित मिया संग्रहालय को सील कर असम मिया परिषद

के अध्यक्ष मोहर अली सहित दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा द्वारा इसकी फंडिंग पर सवाल उठाने के बाद इस संग्रहालय को सील किया गया है। अली सहित अब्दुल बातेन को लखीपुर से गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए गोलपारा सदर पुलिस स्टेशन लाया गया है। राज्य के विशेष पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा कि गोलपारा के मोहर अली और धुबरी के अब्दुल बातेन को हिरासत में लिया गया है। उनसे इसकी फंडिंग को लेकर पूछताछ की जा रही है। इन पर अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) से संबंध रखने के आरोप हैं।

महिला की मौत के बाद अस्पताल में हंगामा

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। लूकरगंज स्थित निजी अस्पताल में इलाज के दौरान एक

महिला की मौत के बाद बुधवार सुबह उसके मायके वालों ने हंगामा किया। पति समेत अन्य पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। खुल्दाबाद पुलिस ने पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कटरा निवासी प्रेमचंद्र वर्मा ने अपनी बेटी ज्योति की 14 मार्च 2019 में बेनीगंज के सुजीत वर्मा के साथ शादी की थी। उसकी एक बेटी नित्या है। ज्योति के भाई ने बताया कि उसकी बहन को दहेज के लिए प्रताडित किया जा रहा था। बीमार होने पर उसका इलाज नहीं कराया। हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई।

शुआट्स का 13वाँ दीक्षान्त समारोह मनाया गया

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज नैनी। सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय, प्रयागराज का 13वाँ दीक्षान्त समारोह बृहस्पतिवार को आयोजित हुआ जिसके मुख्य अतिथि मलंकारा आर्थोडक्स सीरियन चर्च के मेट्रोपोलिटन गीवर्गीज मार कोरिलॉस थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शुआट्स कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर ने 13वें दीक्षान्त समारोह की उद्घोषणा की जिसके बाद समारोह प्रारम्भ हुआ। कुलपति मोस्ट रेव्ह प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने इलाहाबाद एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट के डीम्ड विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय बनने के अनुभव को साक्षा करते हुए कहा कि हमेक्षा लक्ष्य को स्पष्ट रखकर उसी के मुताबिक कार्य करने पर निश्चित सफलता मिलती है। सदैव ईमानदारी व समर्पणता के साथ कार्य करना चाहिये और किसी प्रकार अपेक्षा नहीं करनी चाहिये। उन्होंने बाईबल वचन साझा करते हुए कहा कि प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करने वाले परमेश्वर राज्य के अधिकारी होंगे। उन्होंने कहा कि सुख में आपके इर्द-गिर्द सभी मित्र रहेंगे लेकिन कठिन समय में परिचित भी साथ छोड़ देते है लेकिन परमेश्वर विश्वासियों का साथ कभी नहीं छोड़ता। इसलिये परमेश्वर के बताये सत्य के मार्ग पर चलना चाहिये। कुलपति ने डिग्री प्राप्तकर्ताओं को सत्य, ईमानदारी, राष्ट्रसेवा, भूखे को भोजन भूमि की सेवा तथा ईश्वर, मातृ संस्था व राष्ट्र के प्रति वफादार रहने की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि गीवर्गीज मार कोरिलॉस ने शुआट्स को महान संस्थान बताते हुए कहा कि यहां के डिग्रीहोल्डर्स विदेशों में अपनी सेवा देकर संस्थान का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफलता के साथ होना भी अति आवश्यक है। उन्होंने प्रभु की सेवा, समाज की सेवा और देश सेवा का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि यदि हम स्वयं को आगे बढ़ने, गीतशील होने पर जोर देंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी। मुख्य अतिथि ने शुआट्स द्वारा विकसित अलसी की प्रजाति शुआट्स अलसी-5 को स्व0 प्रो. डा. सुरेश बाबू को समर्पित किया एवं फेकल्टी सदस्यों द्वारा लिखी नवीन किताब का विमोचन भी किया। कुलाधिपति डा. जे.ए. ओलीवर ने सभी डिग्री एवं मेडल प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी एव उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्र-छात्राओं को पूरे विश्व में सुख व समृद्धि लाने के लिये योगदान देने की बात कही। कुलसचिव प्रो0 डा. रॉबिन एल. प्रसाद ने सभी अतिथिगणों का स्वागत किया। प्रति कुलपति (शैक्षिक) प्रो.डा. जोनाथन ए. लाल ने मुख्य अतिथि सहित गणमान्य अतिथिगणों का परिचय साझा करते हुए उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि दिये जाने का सम्बोधन किया जिसमें बिशप ग्रेगोरियस मार स्टीफन्स इपीसकोपा, इटली के पूर्व राजदूत कालारिकल प्रान्चू फेबियन, प्रो. जॉर्ज मंचेरी को कुलपति प्रो. राजेन्द्र बी. लाल ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। निदेशक कैम्पस मिनिस्ट्री डा. सुधा लाल एवं डा. इंदिरा वसन्था ने विभिन्न श्रेणी के पुरस्कार विजेताओं को पदक प्रदान किया जिसमें स्व0 रेव्ह. गुलजारी लाल मेमोरियल श्रेष्ठ यू0जी0 पुरस्कार आयुषी श्रीवास्तव, वर्णित अग्रवाल, आकृति साक्षी को दिया गया। स्व. मनीष जैकब मेमोरियल श्रेष्ठ दिव्यांग पुरस्कार शिवांशु गुप्ता, केसिटी नरसिम्हा, विवेक सिंह को दिया गया। फोरेंसिक साइंस में लक्ष्मी राव मेमोरियल श्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार कु0 सुमाया, शिवांगी जोशी, पल्लव कुमारी एवं सेजल केसरवानी को दिया गया। कोविड महामारी के बाद आयोजित दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2019, 2020, 2021 व 2022 के पासआउट छात्र-छात्राओं को सनतक की 6485, परासनतक की 6890, पीएचडी की 388 एवं डिप्लोमा की 355 उपाधियाँ वितरित की गईं एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को 411 स्वर्ण एवं रजत पदक वितरित किये गये। साथ ही यू0एस0ए0, नेपाल, घाना, लीबिया, इराक, भूटान आदि के 121 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भी डिग्री वितरित की गयी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ।कार्यक्रम में प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. डा. एस.बी. लाल, प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो. रेव्ह. सर्वजीत हरबर्ट, डा. एस.ए. ब्राउन, प्रो0 ए.के.ए. लॉरेन्स सहित फेकल्टी सदस्य व कर्मचारीगण तथा छात्र-छात्रा एवं उनके अभिभावकगण उपस्थित थे।

श्रद्धा और उल्लास से मनाया जा रहा गोवर्धन पूजा उत्सव

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। दीपोत्सव के चौथे दिन बुधवार को

गोवर्धन पूजा का पर्व श्रद्धा, उल्लास से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर घरों और मंदिरों में विधिविधान से गोवर्धन पूजा की गयी। इस्कान मंदिर में अन्नकूट उत्सव पर अभिषेक पूजन किया गया हलुआ से बने गोवर्धन का भक्त आरती, पूजन किया। भक्तों ने भजन-कीर्तन की प्रस्तुति किया। मंदिर परिसर में बने गोवर्धन उद्यान का उद्घाटन किया गया। उद्यान में कृष्ण-राधा कुंज और वृंदावन कुंज बनाया गया था। पूजन के बाद अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया। लूकरगंज स्थित कृष्ण एनक्लेव से खुल्दाबाद तक शोभायात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर बच्चों ने डाकू भक्त की नृत्य नाटिका की प्रस्तुति किया।

खुल्दाबाद में कार की टक्कर से युवक की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। खुल्दाबाद के चकिया इलाके में बुधवार सुबह कार की टक्कर से 19 वर्षीय असगर की मौत हो गई। बताया गया कि चकिया निवासी असगर किसी काम से करबला की तरफ जा रहा था, तभी तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। इससे वह जख्मी हो गया। मोहल्ले वालों की मदद से परिवार वाले घायल को अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और उसके चालक के बारे में पता लगा रही है।

नशीला पदार्थ खिलाकर कार लूटने वाले गैंग का मास्टर माइंड गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रयागराज। नशीला पदार्थ खिलाकर कार लूटने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का फरार मास्टर माइण्ड सरगना अपने अन्य एक साथी के साथ पुलिस की गिरफ्त में आया। उनके कब्जे से एक अदद तमंचा .32 बोर, दो अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर और अदद देशी बम बरामद किया गया। आरोपी की पहचान अभिषेक पांडेय, 33, निवासी जौनपुर और विकास सिंह, 32. गोपालगंज, बिहार के रूप में हुई है। दो दिन पहले ही सराय इनायत थाना क्षेत्र के लीलापुर कछार गांव के पास पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ में नशीला पदार्थ खिलाकर वाहन लूटने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया था। गिरोह सदस्य कार की बुकिंग कराते थे। रास्ते में चाय नाश्ता के बहाने चालक को नशीली दवाएं खिला देते थे। दवाई का असर होने पर चालक को नशीला इंजेक्शन लगा देते थे। चालक को सूनसान स्थान पर फेंकने के बाद कार को बिहार ले जाकर बेच देते थे।

प्रधान मझवारा ने एम0एल0सी0 से जामो में की मुलाकात, दीपावली दी शुभकामनाएं

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रतापगढ़। विकास खंड लक्ष्मणपुर के मझवारा गाँव के प्रधान जुल्फिकार अली ने एम0एल0सी0अक्षय प्रताप सिंह गोपाल से उनके जामो स्थित राजभवन में मुलाकात किया। उन्होंने दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए एमएलसी के विकास कार्यों की प्रशंसा किया।प्रधान ने कहा कि अक्षय प्रताप सिंह गोपाल बिना किसी भेदभाव के हर गाँव में अपना योगदान प्रदान करने की कोशिश करते है।विधान परिषद सदस्य ने भी उन्हें ग्राम पंचायत के विकास में सहयोग देने का वचन दिया।उनके साथ माबूद अली ने भी एमएलसी से मुलाकात की।

पुरातन छात्र परिषद सम्मेलन में हुई सफलता के मूल मंत्र पर चर्चा

(आधुनिक समाचार सेवा)
प्रतापगढ़। सरस्वती विद्या मंदिर सगरा सुंदरपुर के प्रांगण में पुरातन छात्र परिषद सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पंकज कोरी प्रवक्ता राजकीय इण्टर कालेज ने की।सम्मेलन में अतिथि के रूप में देवांश व अभय शुक्ल उपस्थित रहे।अतिथियों ने सफलता प्राप्त करने के बारे में अपने विचारों को प्रकट करते हुए कहा कि कोई कोई शॉर्ट कट रूट से सफलता प्राप्त नहीं कर सकता।सफलता के लिए धीरता एवम गंभीरता का होना आवश्यक है।साथ ही विद्यालय के आचार्यों का आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को जीवन में दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने का सुझाव दिया।कार्यक्रम का संयोजन पूर्व छात्र प्रभात मिश्र ने किया।कार्यक्रम का संचालन आचार्य सुरेश मिश्र ने किया।पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष पंकज ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बालेन्द्र ओझा, आशुतोष सिंह, राजेन्द्र ,आशुतोष आदि आचार्य उपस्थित रहे ।

बीएचयू में एमबीबीएस सीटों पर 75 छात्रों ने दर्ज कराई उपस्थित

(आधुनिक समाचार सेवा)
वाराणसी । पूर्वांचल के एम्स कहे जाने वाले बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान में बुधवार को अवकाश के बाद भी देश के विभिन्न राज्यों से आए 75 छात्र-छात्राओं

ने एमबीबीएस में प्रवेश के लिए उपस्थिति दर्ज कराई। बाकी बची 25 सीटों के लिए 28 अक्टूबर तक हरहाल में उपस्थित दर्ज करानी होगी। इसके बाद इन्हें प्रवेश के लिए 12 नवंबर को आना होगा। वहीं एमडी-एमएस की 188 सीटों में से 125 सीटों पर अभ्यर्थियों का चयन हो चुका है। उन्हें प्रवेश के लिए 27 अक्टूबर को बुलाया गया है। अवकाश के बाद भी आइएमएस भवन बुधवार को गुलजार था। विभिन्न राज्यों से एमबीबीएस, बीडीएस व बीएससी नर्सिंग में प्रवेश की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावक पहुंचे थे। मालूम हो कि यहां एबीबीएस की 100 सीटें हैं, जिसमें से पहले ही दिन 75 अभ्यर्थी पहुंच गए थे। अन्य बचे 25 सीट पर प्रवेश के लिए रिपोर्टिंग का समय 28 अक्टूबर तक है। इससे पहले एमडी-एमएस की सीटों पर प्रवेश के लिए चयनित 125 अभ्यर्थियों को गुरुवार की सुबह संस्थान के सभागार में पहुंचना है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सनतक का संशोधित सप्ताहभर में जारी होने की संभावना है। आवेदन करने वाले परीक्षार्थियों के कापियों का परीक्षण कार्य लगभग पूरा हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रथम चरण में सनतक अंतिम खंड का रिजल्ट जारी करने का निर्णय लिया है।सनतक के रिजल्ट से तमाम परीक्षार्थी असंतुष्ट थे। इसके पीछे कुछ रिजल्ट त्रुटियां भी थी। विद्यापीठ ने परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट छात्रों ने आवेदन मांगा था ताकि उनकी कापियों का दोबारा परीक्षण कराया जा सके। सनतक द्वितीय व तृतीय खंड में करीब पांच हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। आवेदन करने वाले सभी परीक्षार्थियों की कापियों का परीक्षण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है।

गाजीपुर के विधायक के गनर से लूट के मामले में वाराणसी कैंट स्टेशन पर खंगाले गए सीसीटीवी कैमरे

(आधुनिक समाचार सेवा)
वाराणसी । श्रमजीवी एक्सप्रेस में सुल्तानपुर के समीप मुहम्मदाबाद (गाजीपुर) के विधायक मन्नू अंसारी

के गनर पर हमला और कारबाइन लूट की घटना के तार कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर भी खंगाले गए। यहां पीड़ित गनर अमृतलाल के बयान पर सीसीटीवी फुटेज से संदिग्धों की पहचान का प्रयास किया गया। पड़ताल के बाद जीआरपी सुल्तानपुर की टीम वापस लौट गई। जानकारी के अनुसार पीड़ित ने जीआरपी को पहले बयान दिया कि वह कैंट स्टेशन से ट्रेन में सवार हुआ था लेकिन यहां प्लेटफार्म नम्बर पांच पर लगे सीसीटीवी की जीआरपी के सहयोग से हुई जांच में यह बात पुष्ट हुई कि गनर यहां से ट्रेन में सवार हुआ था। बाद में पीड़ित ने बयान दिया कि वह पीडीडीयू नगर से गाड़ी में सवार हुआ है।मन्नू अंसारी वर्तमान में मुहम्मदाबाद सीट से विधायक हैं। उनके गनर राकेश ट्रेन से सुलतानपुर के रास्ते जा रहे थे। जंक्शन पहुंचने से पहले घटना हो गई। इसके बाद राजगीर से नई दिल्ली जा रही श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन को काफी देर तक जंक्शन पर रोके रहा गया और हमलावरों को पकड़ने के लिए छानबीन भी की गई। हालांकि अब तक उनका सुराग नहीं लग सका है। घटना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक विपुल श्रीवास्तव और सीओ सिटी डॉ. राघवेंद्र चतुर्वेदी स्टेशन पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने जांच पड़ताल की। थानाध्यक्ष जीआरपी शमीम अली ने बताया कि श्रमजीवी एक्सप्रेस से विधायक के गनर राकेश सफर कर रहे थे, हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए है। मंगलवार की शाम सिपाही श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से आ रहा था। कुछ लोगों ने ट्रेन स्टेशन पहुंचने से पहले ही रोक ली। सिपाही पर चाकुओं से हमलाकर असलहा छीना और वहां से फरार हो गए। लहूलुहान सिपाही को जीआरपी ने ट्रेन से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत नाजुक देख डाक्टरों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

गाजीपुर मे जीपीएस लगे वाहनों से ही कर सकेंगे धान की ढुलाई ट्रेस होगी केंद्र से मिल की दूरी

(आधुनिक समाचार सेवा)
गाजीपुर । खरीफ वर्ष 2022-23 में धान खरीद व ढुलाई के नियम में शासन ने परिवर्तन कर दिया है। पहली बार धान क्रय केंद्र से मिल तक धान व मिल से गोदाम तक चावल पहुंचाने वाले वाहनों को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया

जाएगा। इसके पीछे ठेकेदारों की ओर से मनमाने ढंग से मिलने वाले बिल से छुटकारा पाना है। किसानों से खरीदे गए धान को मिल तक पहुंचाने के लिए संभागीय खाद्य नियंत्रक क्रय एजेंसी ई-टेंडर के माध्यम से करती है, जो क्रय केंद्र से मिल तक धान व मिल से एफसीआइ डिपो तक चावल को पहुंचाने का कार्य ठेकेदार करते हैं। अब इन्हें अपने वाहनों में जीपीएस लगवाना होगा तभी यह ई-टेंडर भर पाएंगे। वाहन ठेकेदार को 10 टन वजन पर आठ किलोमीटर तक का किराया 1680 रुपये मिलता है, वहीं किलोमीटर बढ़ने पर 20-25 रुपये किलोमीटर का किराया अतिरिक्त दिया जाता है। इससे पहले यह ठेकेदार अपने वाहन का अधिक किमी दर्शाकर अधिक किराया ले लेते थे। इससे शासन को नुकसान होता था।जीपीएस लगने से इनके वाहन की मिनट दर मिनट की ट्रैकिंग सीधे लखनऊ से की जाएगी और उसी के आधार पर वाहन की दूरी व भार का निर्धारण कर भुगतान किया जाएगा। जनपद में धान की खरीद किसानों से एक नवंबर से सुबह नौ से पांच बजे तक आनलाइन टोकन के आधार पर पहले आओ, पहले तौलाओं की तर्ज पर की जाएगी। किसी क्रय केंद्र पर निर्धारित दैनिक खरीद क्षमता से अधिक किसान पहुंचने पर आफ लाइन टोकन की भी व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए जनपद में 102 केंद्रों का निर्धारण किया गया है। इसमें से 56 केंद्र तैयार हैं। इसमें विपणन-31, पीसीपएफ-14, पीसीयू-10, एफसीआई-1 केंद्र शामिल हैं। अभी तक 5586 किसानों ने अपना पंजीयन धान बेचने के लिए कराया है। अभी किसान अपना पंजीयन लगातार करा रहे हैं। पिछले वर्ष 45902 किसानों ने अपना पंजीयन धान बेचने के लिए कराया था।

मूर्ति विसर्जन जुलूस में चाकू से गोदकर युवक की हत्या, जांच में जुटी पुलिस

(आधुनिक समाचार सेवा)
सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर जिले के सदर थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात लक्ष्मी पूजा प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राहुल पुत्र सुरेश

के रूप में हुई है। वह सदर थाना क्षेत्र के ग्राम मुडिला का रहने वाला था। उसकी उम्र 18 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बुधवार रात 11:00 बजे शहर की सभी लक्ष्मी प्रतिमाओं का जुलूस निकला जा रहा था। जुलूस कस्बे के मुख्य चौराहे से होते हुए बेलहिया चौराहे पर पहुंचा था कि इसी दौरान राहुल की कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। दोनों के बीच विवाद इस कदर बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान किसी ने राहुल पर चाकू से हमला कर दिया। इससे उसे गंभीर चोट आ गई। उसे इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस उनसे पूछताछ में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक सदर तहसीलदार सिंह का कहना है हमलावर की तलाश जारी है वह जल्द ही पकड़ा जाएगा। मृतक के स्वजन के मुताबिक राहुल जिला मुख्यालय के अशोक मार्ग पर चाय की दुकान चलाता था। दो भाइयों में वह बड़ा था। जवान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस की मौजूदगी में हुई घटना प्रत्यक्ष दशिर्यों के मुताबिक राहुल पर हमला पुलिस की मौजूदगी में हुई है। पुलिस विसर्जन जुलूस के साथ गश्त पर थी।

आजमगढ़ में अनियंत्रित ट्रक ने टेंपो में मारी टक्कर 3 की मौत, विंध्याचल से लौटते वक्त हुआ हादसा

(आधुनिक समाचार सेवा)
आजमगढ़। प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग पर ठेकमा बाजार में मंगलवार की रात 11 बजे ट्रेलर की टक्कर से आटो रिक्शा सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि

पांच लोग घायल हो गए। आटो सवार पांच लोग विंध्याचल धाम से बच्चे का मुंडन कराकर लौट रहे थे। ठेकमा बाजार पहुंचने पर आजमगढ़ की तरफ से जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर को तोड़ते हुए दूसरी पटरी पर आटो रिक्शा को टक्कर मार दी। उसके बाद ट्रेलर बिजली के दो खंभों को तोड़ते हुए सड़क की दूसरी तरफ मकान से जा टकराया। इस दौरान एक दुकान का बाहरी हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। दुकान के बाहर लगा टीनशेड एवं बाहरी दीवार टूट गई। टेंपो सवार एक ही परिवार के 10 लोग विंध्यवासिनी विंध्याचल मंदिर से दर्शन कर वापस आ रहे थे सभी परिजन कार्तिक पुत्र पंकज उम्र 1 वर्ष का मुंडन करवाने के लिए विंध्याचल गए हुए थे कार्तिक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है। टेंपो सवार एक ही परिवार के 10 लोग विंध्याचल एक वर्ष के कार्तिक पुत्र पंकज का मुंडन करवाने के लिए विंध्याचल गए हुए थे। हादसे में नेहा कुमारी (17) पुत्री लालमन निवासी बनगांव, निजामाबाद की मौके पर मौत हो गई, जबकि कार्तिक व उसके नाना गामा राम निवासी ग्राम सभा बखरा, तहसील मार्टीनगंज की जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। घायल पूनम तथा विपुल का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा था। ट्रेलर चालक एवं खलासी को पुलिस ने कब्जे में हिरासत में ले लिया है। ट्रेलर ड्राइवर कन्हैया गौड़ तथा खलासी प्रेमनाथ यादव जिला महाराजगंज का निवासी है। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर ट्रेलर के धक्के से दो विद्युत खंभों के टूटने के बाद आपस में टकराकर तार भी टूट जाने से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।

वाराणसी के मंडुवाडीह थाने में नशे में धुत सिपाही ने मचाया उत्पात, फरियादियों से की बदसलूकी

(आधुनिक समाचार सेवा)
वाराणसी । मंडुआडीह थाने पर तैनात सिपाही विनय कुमार सिंह ने मंगलवार की देर शाम शराब के नशे में धुत होकर थाने आने वाले महिला व पुरुष फरियादियों के साथ

मारपीट की इतना ही नही एक महिला जो अपने बच्चे के साथ फरियाद लेकर आयी थी उससे भी अभद्र व्यवहार किया। थाने पर एकत्रित भीड़ देख जानकारी लेने थाने पर पहुंचे पत्रकारों को भी देख लेने की धमकी दी। मंडुआडीह थाने पर तैनात सिपाही विनय कुमार को जनता के व्यक्तियों के साथ अमर्यादित व्यवहार का दोषी पाते हुए तत्काल प्रभाव से निलंवित कर विभागीय कार्यवाही एसीपी कैंट को आवंटित की गई मामले को तूल पकड़ता देख थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने सिपाही का मेडिकल मुआयना करा कर उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी है। सिपाही विनय की करतूत मंडुआडीह इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोगों में उसके इस रवैये से आक्रोश व्याप्त है। पूर्व आईपीएस और अधिकार सेना के संयोजक अमिताभ ठाकुर की पार्टी के छात्र अधिकार सेना, वाराणसी के अध्यक्ष रितेश सिंह को मंडुआडीह थाने के सिपाही विनय कुमार सिंह ने अकारण ही थप्पड़ मारा ।इसपर अमिताभ ठाकुर ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से ट्वीट किया। रितेश एक शिकायत लेकर मंडुआडीह थाने गए थे।थाने पर सिपाही की कारस्तानी की सूचना पाकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह थाने पहुंचे तो पता लगा कि सिपाही विनय कुमार सिंह ने कई अन्य लोगों के साथ भी बदसलूकी और हाथापाई की है।

सीधे प्रवेश
100% Placement
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा)
➢ डेटा इंट्री आपरेटर
➢ फायर सेफ्टी
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग
➢ इलेक्ट्रीशियन
➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं
➢ इलेक्टिक मैकैनिक
फिटर
वेल्डर
सीसीए
रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
सिक्योरिटी सर्विस
बेसिक कम्प्युटर
कम्प्युटर हाडवेयर

Apply Online: www.nainitti.com
Mail us at – info@nainitti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

धूप के बीच धीरे-धीरे पांव पसारती रहेगी ठंड

(आधुनिक समाचार सेवा)
गोरखपुर। गोरखपुर जिले में मौसम ने करवट बदल ली है। दिन छोटे और रात लंबी होने के साथ-साथ ठंड के मौसम ने दस्तक दे दी है। जिले का निरंतर गिरता पारा

इसका प्रमाण है। चटख धूप निकलने के बावजूद अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। न्यूनतम तापमान के गिरने से रात ठंडी होने लगी है। मौसम विज्ञानी कैलाश पांडेय के अनुसार धूप की तेजी के बीच अधिकतम और न्यूनतम के गिरने का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। ऐसे में नवंबर के पहले सप्ताह से ठंड के मौसम के अपने रौ में आने की शुरुआत हो जाएगी। मौसम विज्ञानी के पूर्वानुमान के अनुसार अगले सप्ताह में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ जाएगा और न्यूनतम तापमान के तो 17 डिग्री से भी नीचे जाने की संभावना है। सुबह से दोपहर तक तीन से 10 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाली पुरवा हवाएं माहौल की नमी को बढ़ाएंगी तो दोपहर चलने वाली शुष्क पछुआ हवाएं हवाओं के तेज होने का मार्ग प्रशस्त करेंगी। पश्चिमोत्तर भारत से आने वाली सर्द पछुआ हवाएं गोरखपुर सहित समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश के तापमान को गिराने का काम करेंगी। यानी पश्चिमोत्तर के पहाड़ों पर पड़ने वाली बर्फ पछुआ हवाओं के जरिये पूर्वी उत्तर प्रदेश की भी ठंड बढ़ा देगी। पुरवा हवाओं से आनी वाले नमी कोहरे की वजह बनेगी। सुबह और शाम कोहरा पड़ने का पूर्वानुमान मौसम विज्ञानी जता रहे हैं। बीते दिनों की तापमान की बात करें तो अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान के आंकड़े उसकी गिरावट का सिलसिला शुरू होने के संकेत देने वाले हैं। बुधवार को अधिकतम तापमान 31. 2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सोमवार 32.3 था। इसी तरह सोमवार का न्यूनतम तापमान 19.8 से दो डिग्री सेल्सियस गिरकर गुरुवार को 17.7 पर आ गया।

थाना चुनार पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना चुनार पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया । आज दिनांक 25.10.2022 को उ0नि0 इन्द्रभुषण मिश्रा मय पुलिस बल द्वारा वारंटी मेवा लाल यादव पुत्र अलगू यादव निवासी बरगवा थाना चुनार जनपद मीरजापुर को उसके घर से गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया । 2-जनपद में कानून/शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में 36 व्यक्तियों का दं0प्र0सं0 151/107/116 में चालान किया गया, जिनका थानावार संख्यात्मक विवरण निमनंकित है – थाना को0शहर-03 थाना को0कटरा-01 थाना विन्ध्याचल-01 थाना पड़री-05 थाना कछवां-01 थाना राजगढ़-07 थाना संतनगर-05 थाना अहरौरा-05 थाना लालगंज-08।

थाना लालगंज पुलिस द्वारा 40 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा आगामी त्यौहारों को शांति एवं

सौहार्द पूर्ण वातावरण में सम्पन्न करायें जाने तथा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान व अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 23.10.2022 को प्र0नि0 राम नरायन राम मय पुलिस बल द्वारा थाना लालगंज क्षेत्र से अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र स्व0धर्मू निवासी खजुरी थाना लालगंज जनपद मीरजापुर को दो जरिकेन में रखें 20-20 लीटर कुल 40 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर मु0अ0सं0-295/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीवृत्त कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई । 2-जनपद में कानून/शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने के क्रम में 28 व्यक्तियों का दं0प्र0सं0 151/107/116 में चालान किया गया, जिनका थानावार संख्यात्मक विवरण निमनंकित है –थाना को0देहात-04 थाना कछवां-01 थाना पड़री-03 थाना हलिया-02 थाना सन्तनगर-01 थाना ड्रमण्डगंज-02 थाना अदलहाट-04 थाना जमालपुर-05 थाना मडिहान-06।

भरत-मिलाप देखने के लिए पूरी रात सड़कों पर डटे रहे लोग

(आधुनिक समाचार सेवा)

चील्ह। पुरजागीर बाजार का श्रीराम भरत मिलाप व मेला मंगलवार की रात धूमधाम से संपन्न-हुआ। राम-भरत का मिलन देखने के लिए लोग पूरी रात लोग सड़क पर डटे रहे। बुधवार की भोर में तीन बजे बैंड-बाजे की धुन पर पेट्रोल टंकी से

निकलीं आधा दर्जन झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। लोगों ने मेले का आनंद लेते हुए खूब खरीदारी की। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी मंगलवार को मिर्जापुर-औराई मार्ग पर पेट्रोल पंप से लेकर विद्युत पावर हाउस तथा पुरजागीर बाजार से चेकसारी बल्ली परवा तक सड़क की दोनों पटरियों पर करीब चार किलोमीटर का इलाका आकर्षक राड, झालरों से सजाया गया था। भरत मिलाप व मेले में मिर्जापुर के अलावा भदोही, वाराणसी से भारी संख्या में आए दुकानदारों ने दुकानें सजाई थीं। मंगलवार की शाम से स्थानीय लोगों के अलावा अन्य जनपदों से आए हजारों लोग मेले में पहुंचे थे। बच्चों ने झूले का आनंद उठाते हुए गुब्बारे आदि की खरीदारी की वहीं महिलाएं सौंदर्य प्रसाधन व गृहस्थी के सामानों की खरीदारी की। पूरी रात श्रद्धालु श्रीराम भरत मिलाप देखने के लिए चक्रमण करते रहे। जगह-जगह श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए आर्केस्ट्रा, नृत्य आदि का आयोजन किया गया था। बुधवार की भोर में तीन बजे बैंड-बाजे की धुन पर पेट्रोल टंकी से राधा- कृष्ण, शिवाजी, राम दरबार, शिव-पार्वती, दुर्गा जी, महिषासुर आदि झांकियां निकलीं। विद्युत उपकेंद्र से होते हुए पुरजागीर बाजार, चेकसारी होते हुए बल्लीपरवा मोड़ पहुंचकर झांकियां समाप्त हो गईं। मेले में चील्ह थाना प्रभारी अजीत कुमार श्रीवास्तव , चौकी इंचार्ज ठेढ़वा चंद्रकांत तिवारी पुलिस बल व महिला पुलिस एवं पीएसी के जवान के साथ सारी रात मेला क्षेत्र का चक्रमण करते रहें। सुरक्षा के दृष्टि से मिर्जापुर-औराई मार्ग को पूरी तरह से अवरुद्ध कर दिया गया था। वाहनों को गोपीगंज की तरफ़ मोड़ दिया गया था। इस दौरान श्री राम-भरत मिलाप व्यवस्थापक सूरज सोनी, संतोष यादव, दिनकर, राजेश बिंद, विश्वास आदि सहयोग में लगे रहे।

मुल्तानी दांव लगा जीती एक लाख रुपये की इनामी कुश्ती

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। नगर के भरूहना में मंगलवार को हुई इनामी कुश्ती प्रतियोगिता में जौनपुर के पहलवान ने दिल्ली के सोनू को हराकर एक लाख रुपये का इनाम जीत लिया। दंगल में दूर- दूर से आए पहलवानों

ने अपने दांव आजमाए। इस अवसर पर 29 जोड़ कुश्ती हुई। कुश्ती के दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल के प्रतिनिधि ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। दंगल का विशेष आकर्षण एक लाख रुपये की इनामी कुश्ती रही। जौनपुर के निगम पहलवान व दिल्ली के सोनू पहलवान के बीच पहले तो काफी देर तक जोर आजमाइश होती रही। दोनों अपने-अपने दांव का प्रदर्शन करते रहे। अचानक निगम पहलवान ने सोनू पहलवान को मुल्तानी दांव लगा आसमान दिखा दिया। दूसरी बड़ी कुश्ती 31000 रुपये की सतपाल पहलवान डाढ़ी व मदन पहलवान दिल्ली के बीच हुई। इसमें सतपाल पहलवान ने कालाजंग दांव लगा मदन पहलवान को चित किया। तीसरी कुश्ती ईश्वर पहलवान डाढ़ी व दिनेश पहलवान दिल्ली के बीच हुई जो बराबरी पर छूटी। चौथी बड़ी कुश्ती में जिले के चिननै पहलवान ने दिल्ली के नवदीप पहलवान को निकास दांव से चित किया। इसी प्रकार कुल 29 जोड़ कुश्ती हुई जिसमें पहलवानों ने सखी, हत्था व इसी प्रकार के अन्य दांव का प्रदर्शन किया। दर्शक बार- बार धोबियापाट के लिए कहते रहे लेकिन कोई पहलवान इसका प्रयास नहीं कर सका। संचालन कन्हैयालाल सोनकर ने किया। निर्णायकों में नंदलाल, फुन्नू लाल, लल्लूराम व अन्य थे। इस अवसर पर गुल्लू प्रसाद, लालबहादुर सिंह, श्याम सुंदर केशरी, सुरेश यादव, जोखू सोनकर व अन्य थे। चुनार : गोवर्धन पूजा के अवसर पर बुधवार को परंपरागत रूप से बहरामगंज मुहल्ले में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें वाराणसी, जौनपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, कछवां, संत रविदास नगर, प0 दीनदयाल उपाध्याय नगर, अहरौरा, रूदौली पसियाही, सीखड, आदि स्थानों के पहलवानों ने कुश्ती में जोर आजमाइश की। कुश्ती के दौरान ही आयोजन समिति द्वारा आसपास के नामचीन पहलवानों को सम्मानित भी किया गया। सबसे बड़ी इनामी कुश्ती 3000 रुपये की रिंकू वाराणसी व पिंटू जौनपुर के बीच हुई। जिसमें रिंकू ने पिंटू को पटकनी देकर जीत का परचम लहराया। रेफरी की भूमिका टीपू यादव, राममूरत व सुदर्शन ने निभाई। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष राजू गुप्ता, लल्लूराम बिंद, धर्म यादव, रामप्रसाद बिल्लू, सिप्पू जायसवाल के साथ ही शीतला प्रसाद यादव, रामबाबू, राजेन्द्र चौहान आदि प्रमुख मौजूद रहे।

बार्डर की समितियों पर बढ़ाई गई सतर्कता

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए सभी बीडीओ को निर्देश दिए गए हैं। किसानों को उनके खतौनी के मुताबिक ही खाद उपलब्ध कराने को कहा गया है खरीफ व रबी खेती के सीजन में बार्डर की समितियों पर खाद बिक्री को लेकर ज्यादा शिकायत मिलती रही है। खाद की कालाबाजारी होने की वजह से क्षेत्रीय किसानों को खाद न मिलने से अक्सर समस्या होती है। दूसरे प्रांत के लोग बार्डर से लगती समितियों से अधिक खाद उठान कर लेते थे। इससे समितियों पर खाद की किल्लत बढ़ जाती थी इसे ध्यान में रखते हुए सहकारिता विभाग अब अलर्ट हो गया है। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता मिहिर कुमार पात्र ने सभी बीडीओ को समितियों पर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। खासकर अंतरराज्यीय सीमा पर संचालित समितियों पर ध्यान देने को कहा है। निर्देशित किया कि वे पुलिस एवं एसआईबी की सहायता से अंतरराज्यीय सीमाओं पर सतर्कता बरतें। साथ ही प्रदेश के बाहर के किसानों को उनसे खतौनी लेकर ही खाद देने का निर्देश दिया। खतौनी से अधिक खाद देने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यहां बार्डर पर संचालित हो रही समितियां चार प्रांतों से लगती जिले की सीमा पर कुल 15 समितियां संचालित हो रही हैं। इसमें एमपी बार्डर पर सिरसाई, देवगढ़, कोरट व परसोई में समितियां हैं। बिहार से लगते बार्डर पर खलियारी और नौडीहा में, छत्तीसगढ़ से लगते बार्डर पर चकचपकी, चैनपुर, खोतोमहुआ, गोहड़ा, सागोबांध और झारखंड बार्डर से लगते सीमा पर विंढमगंज, पकरी, सलैयाडीह, कचनरवा और कोन में साधन सहकारी समितियां हैं। इन समितियों पर विशेष कर सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।रबी फसलों की बोआई के बीच खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन अलर्ट है। अंतरराज्यीय सीमा पर संचालित हो रही साधन सहकारी समितियों खाद किसानों को आसानी से उपलब्ध हो और उसकी कालाबाजारी न हो इसके लिए समितियों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है। खासकर अंतरराज्यीय सीमा पर संचालित 15 समितियों पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कराने के निर्देश सभी बीडीओ को दिए गए हैं।

पूरी नहीं हैं घाटों पर छठ की तैयारियां डाला

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। धूमधाम से मनाए जाने वाले डाला छठ पर्व को कुछ ही दिन शेष हैं लेकिन नगर के घाटों पर तैयारियां अधूरी हैं। अभी भी

कई घाटों पर सिल्ट जमी है। अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ल ने नगर के घाटों का निरीक्षण कर सफाई का निर्देश दिया है। इसके बाद अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता के नेतृत्व में गंगा घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। डाला छठ की पूजा अधिकतर गंगा तटों पर ही होती है। इसके लिए पहले से ही तैयारियां की जाती हैं। नगर पालिका की ओर से सिल्ट की सफाई, प्रकाश की व्यवस्था व अन्य सुरक्षात्मक उपाय किए जाते हैं लेकिन अभी तक अधिकांश काम पूरे नहीं हो सके हैं। कई घाटों पर कूड़े का ढेर गंगा के पानी में तैर रहा है। नगर के प्रमुख घाट पक्का घाट पर सिल्ट जमी है। समय पर पूरे काम नहीं होंगे तो गंदगी के बीच महिलाओं को पूजा करनी होगी। मंगलवार को अपर जिलाधिकारी शिवप्रताप शुक्ल ने घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की सफाई कराने के साथ ही नगर में विचरण कर रहे छुट्टा पशुओं को पकड़वा कर गोआश्रय स्थल में भेजे जाने का निर्देश दिया। कहा कि सभी घाटों पर बुधवार तक व्यवस्था पूरी कराकर फोटोग्राफ के साथ उनको सूचित करें। उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को निर्देश किया कि वे इस पर त्वरित कार्रवाई कर सूचित करें। इसके बाद बुधवार को अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता के नेतृत्व में गंगा घाटों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। विंध्याचल सहित नगर के बरियाघाट, सुंदरघाट, त्रिमोहानी, नारघाट और पक्केघाट पर जमी सिल्ट हटाई गई। पालिका के कर्मचारियों द्वारा स्वयं और पंप मशीन लगाकर सीढ़यों पर जमी सिल्ट हटाई गई। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी अंगद गुप्ता ने कहा की छठ पूजा के मद्देनजर घाटों पर जमी सिल्ट को हटाने का कार्य किया जा रहा है। घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और प्रकाश की व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही घाट जाने वाले मार्गों पर चूने का छिड़काव, एंटी लार्वा और फॉगिंग कराने के लिये सफाई नायकों को निर्देशित किया गया है। घाटों पर बैरिकेडिंग का कार्य समय से पूर्व कराने को लेकर निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है। नगर के घाटों पर अभी गंगा का जलस्तर काफी बढ़ा है। प्रायः इस समय तक गंगा का पानी काफी नीचे चला जाता था लेकिन इस बार यह स्थिति नहीं है।

पटाखे की चिंगारी से कई जगह लगी आग, लाखों का नुकसान

(आधुनिक समाचार सेवा)

मिर्जापुर। दीपावली पर्व पर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में पटाखों की चिंगारी और दीये की लौ के चलते कई स्थानों पर लगी आग से लाखों

का सामान जलकर राख हो गया। कई स्थानों पर लोगों ने आग बुझाई तो कई स्थानों पर फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दीपावली की रात डंकीनगंज चौकी के पास जड़ी-बूटियों के प्रसिद्ध सुकाली साव की दुकान है। दीपावली के दिन वह पूजा कर बाहर गए। नीचे दुकान में आग लग गई। धुआं उठता देख लोगों ने शोर माया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस की निगरानी में शटर का ताला तोड़कर टीम अंदर पहुंचकर आग पर काबू पाई। दो घंटे तक गहमा-गहमी रही। आग बुझाए जाने के दौरान लाइट कटी रही। बरियाघाट स्थित ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई थी । फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया। सोमवार की रात विंध्याचल, थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रोड निवासी दुर्गा प्रसाद मोदनवाल के मकान के तीसरे तल पर पटाखे की चिंगारी से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। दीपावली पर्व पर लोग आतिशबाजी कर रहे थे। इसी दौरान रात एक बजे मकान के तीसरे मंजिल में पटाखे के चिंगारी से आग लग गई। इससे एसी, वाशिंग मशीन, पंखा, रजाई गद्दा, कूलर, नारियल, चुनरी, प्रसाद, पानी की टंकी सहित कई अन्य सामान जलकर राख हो गए। मकान के पहले फ्लोर पर परिवार के सभी लोग सो रहे थे। जब बिजली कटी तो सभी लोगों की नींद खुली। धुआं देखकर परिजनों ने शोर मचाया। आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग पर काबू पाया। मंगलवार की सुबह पीडित परिजनों ने विंध्याचल कोतवाली में लिखित सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मुआयना किया। परिवार वालों ने बताया कि लगभग दो लाख रुपये का सामान जला है। अदलहाट थाना क्षेत्र के पचेंड़ा गांव में मंगलवार की रात बिजली के शार्ट सर्किट से हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। दीवाली के दिन घर के सभी लोग पूजा पाठ करके सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच पूर्व ब्लाक प्रमुख रीना सिंह पटेल के घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई ।

मिलजुल कर भाई चारे वाली रीति निभाएं जो लोग सो रहे हैं अभी उनको जगाएं

(आधुनिक समाचार सेवा)

अदलहाट। परशुराम गांव में गजब मां काली पूजा समिति की ओर से विराट कवि सम्मेलन का आयोजन सोमवार की देर शाम किया गया। इसमें मिर्जापुर जनपद के साथ-साथ वाराणसी के कवियों के ओर से प्रस्तुत रचनाओं को श्रोताओं ने देर रात तक लुत्फ उठाया। सभी कवियों एवं शायरों को अध्यक्ष ने अंगवस्त्रम प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन प्रकाश मिर्जापुर ने किया। पूनम श्रीवास्तव ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदुपरांत उनके द्वारा ''प्यार में थोड़ा फासला रखना ,प्यार है तो हौसला रखना..'' को सुनाकर लोगों की वाहवाही लूटी। शायर इमरान बनारसी ''दिलों दिमाग में अमनों अमान रखते हैं, हम अपने सीने में हिंदोस्तान रखते है.. सुनकर सभी के अंदर जोश भर दिया। वाराणसी से आई प्रियंका सिंह ने निभा सको तुम तो प्यार करना, जता सको तुम तो प्यार करना गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वाराणसी से आई डॉ. रंजना राय ने ''मिलजुल कर भाई चारे वाली रीति निभाएं जो लोग सो रहे है अभी उनको जगाएं। चंदौली चकिया से आए बंधु पाल बंधु कवि ने ''भईया मोदी रचउला तूं कईसन खेल, गणित भईल बा सबका फेल। अहरौरा से आए नरसिंह साहसी व धर्मदेव चंचल ने हास्य कविता सुनाकर श्रोताओं को खूब रिझाया। चंदौली से आए अवधेश सिंह दास ने ऽलिखो अगर तुम कलम उठा कर देश का तुम सम्मान लिखो को सुनाकर लोगो की तालियां बजाने पर सबको विवश किया। कविंद्र सिंह अकेला के द्वारा प्रीत कै दीप हर दम जलते रहें, हर दिन हर घड़ी मुस्कुराते रहें। साहिल मिर्जापुरी ने सुनाया कि दीप नफरत का जमाने से बुझाया जाए। इस मौके पर वर्तमान प्रधान श्याम दुलारी, शिव कुमार सिंह, राम सेवक सिंह, नितिन राय सहितसैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

दुद्धी। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत बढ़नीनाला के समीप मंगलवार को एक कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई। घटना के

बाद परिजनों ने हंगामा मचाया। पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के बीड़र गांव निवासी सत्यनारायण (47) साइकिल पर मोटर रखकर अपने घर जा रहा था। बढ़नीनाला के पास तेज रफ्तार कार ने उसे चपेट में ले लिया। हादसे में सत्यनारायण गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोग उसे सीएचसी दुद्धी ले गए जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कस्बा चौकी इंचार्ज संजय सिंह ने शव को कब्जे लेकर पड़ताल शुरू की। उधर, दुर्घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने सीएचसी दुद्धी में शव के पोस्टमार्टम से इनकार करते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर धरना देने पर अड़ गए। परिजनों ने कहा कि कार चालक को पकड़ कर कार्रवाई की जाए। चौकी इंचार्ज ने आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन देकर शांत कराया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। उधर, हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने कार कब्जे में ले ली है।

फंदे से लटककर वृद्ध ने दी जान, वन कर्मियों पर पिटाई और उत्पीड़न करने का आरोप

(आधुनिक समाचार सेवा)

सोनभद्र। रायपुर थाना क्षेत्र के चकया गांव में मंगलवार की शाम एक वृद्ध का शव पेड़ पर फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने वन कर्मचारियों पर पिटाई और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पुलिस ने

शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चकया गांव निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसका भाई बिग्गन (60) अपने खेत पर पुरानी लकड़ी को चीर रहा था। इसी दौरान वन विभाग के कर्मचारी पहुंचे। लकड़ी के बारे में पूछताछ करते हुए बिग्गन को अपने साथ रेंज कार्यालय चौखड़ा ले गए। सूचना पाकर पुत्र छांगुर गांव के कुछ अन्य लोगों के साथ पहुंचा तो बिग्गन बेहोशी की हालत में रेंज कार्यालय परिसर में पड़ा था। उसकी पिटाई की गई थी। पूछने पर वन कर्मचारियों ने सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए और घर भेज दिया। इसके बाद से बिग्गन गुमसुम थे। कुछ देर बाद वह खेत पर चले गए। काफी देर तक न लौटने पर जब खोजबीन करते हुए परिवार के लोग पहुंचे तो आम के पेड़ पर लुंगी के सहारे बिग्गन का शव लटकता मिला। परिजनों ने वन कर्मचारियों की पिटाई और उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर आत्महत्या का कदम उठाने का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी पाकर पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर पीडित परिवार का हाल जाना। दोषियों पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उधर, घटना के बाबत वन दरोगा विनोद यादव ने बताया कि मारपीट का आरोप निराधार है। वृद्ध पहले से ही बीमार था। सदर सीओ डॉ. चारु द्विवेदी ने बताया पीडित के परिजनों के प्रार्थना पत्र की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। इसके आधार पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर कुएं में कूदी विवाहिता

(आधुनिक समाचार सेवा)

राबर्ट्सगंज। कोतवाली क्षेत्र के खचार गांव में बुधवार को पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर विवाहिता कुएं में कूद गई। ग्रामीणों के सहयोग से परिवार के लोगों ने विवाहिता को कुएं से बाहर निकाला और जिला अस्पताल ले गए। विवाहिता की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर विवाहिता का बयान लिया। बुधवार की सुबह करीब दस बजे एक विवाहिता की किसी बात को लेकर ससुर से कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला गरमा गया और विवाहिता घर से कुछ दूरी पर स्थित कुएं में कूद गई। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत कर विवाहिता को निकाला। इसके बाद परिवार के लोग उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। हलका दारोगा संजीव राय ने कहा कि विवाहिता या उसके परिवार के लोगों ने सूचना नहीं दी है। फिर भी लोगों से मिली सूचना के आधार पर अस्पताल में विवाहिता से मिलकर जानकारी ली गई। विवाहिता तहरीर देगी तो कार्रवाई की जाएगी।

इस महान गेंदबाज को अर्शदीप में दिखती है जहीर खान की छवि, कहा- महान गेंदबाज बनने की है प्रतिभा

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अर्शदीप की गेंदबाजी ने सभी को प्रभावित किया है। भारत पूर्व कप्तान और कोच अनिल कुंबले ने कहा कि अर्शदीप में जहीर खान की छवि दिखती है। अर्शदीप में भी महान गेंदबाज बनने की प्रतिभा हैं। बता दें कि अर्शदीप खेलना चुनौतीपूर्ण अनिल कुंबले ने आगे कहा कि, मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में 90,000 से ज्यादा दर्शकों के बीच खेलना अपने आप में हमेशा चुनौती पूर्ण होता है, लेकिन एक गेंदबाज आता है और अपना टेम्परामेंट दिखाता है। यह देखना मेरे लिए शानदार रहा।अर्शदीप में जहीर जैसी प्रतिभा पूर्व कप्तान ने

पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी की तरफ से खेलते हैं और अनिल कुंबले फ्रेंचाइजी के हेड कोच रह चुके हैं। इएसपीएन क्रिकइनफो को दिए एक इंटरव्यू में पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि, मैं अर्शदीप की गेंदबाज से बहुत प्रभावित हुआ हूं। मैंने उनके साथ तीन साल तक काम किया, अर्शदीप ने खुद को टी20 फॉर्मेट के हिसाब से खुद में बदलाव किया। पिछले साल के आइपीएल में उन्होंने दिखाया कि वह प्रेशर को बेहतर तरीके से हैंडल कर सकते हैं90 हजार से ज्यादा दर्शकों के बीच कहा कि, अर्शदीप निश्चित रूप से मैच्योर हो गया है। मैं उसे आगे बढ़ते देखना चाहता हूं। संभवता जो जहीर खान भारत के लिए कर रहे थे, मैं उम्मीद करता हुं कि अर्शदीप भी उसी तरह का कुछ अद्भुत प्रदर्शन भारत के लिए करें।गौरतलब हो कि लेफ्ट आर्म पेसर अर्शदीप ने पाकिस्ता के खिलाफ 4 ओवर में 32 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए थे। इनमें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और आसिफ अली का विकेट शामिल है।

मार्च में शुरू हो सकता है आइपीएल का धमाल देश से बाहर खिलाडियों की नीलामी की योजना

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इस साल इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी विदेशों में आयोजित करने पर विचार कर रहा है, जिसकी सबसे अधिक संभावना तुर्की में है। अंतिम निर्णय नवंबर के पहले सप्ताह में लिए जाने की उम्मीद है, जिसमें नियमित आयोजन स्थल बेंगलुरु मैच का प्रासरण करने वायकॉम और स्टार और टूर्नामेंट में खेलने वाली सभी टीमों के फ्रेंचाइजी मालिकों से इसको लेकर बात की है।आइपीएल 2023 ऑक्शन को 16 दिसंबर को कराए जाने की खबर है। आइपीएल 2023 मार्च के तीसरे सप्ताह में शुरू होने की संभावना है और मई के अंत या जून की शुरुआत तक चलेगा। ऑक्शन किया गया था, जिसमें सभी टीमों को अधित्तम 4 खिलाडियों को रिटेन करने के बाद बाकी खिलाडियों को रिलीज करने कहा गया था। नियम के मुताबिक सभी फ्रेंचाइजी टीमों ने ऑक्शन में जाने से पहले अपने मनपसंद खिलाडियों को रिटेन किया था, जबकि बाकियों को मेगा ऑक्शन के लिए रिलीज कर दिया था इस

को भी ध्यान में रखा जाएगा। इस साल के आइपीएल ऑक्शन को 16 दिसंबर को कराए जाने की खबर है क्रिकबज के अनुसार, आइपीएल के नए चेयरमैन अरुण सिंह धुमल ने पदभार संभालते ही नई व्यवस्था लागू करने की सोच रहे हैं। सीजन से पहले टूर्नामेंट को लेकर सारी चीजों पर नजर बनाए हुए हैं। चेयरमैन ने आईपीएल अधिकारियों ने हमेश नीलामी को विदेशों कराए जाने के बारे में सोचा था, एक बार तो सिंगापुर में कार्यशाला का आयोजिन भी किया गया था। एक बार बीसीसीआइ इसे लंदन में आयोजित करने वाले था, लेकिन कुछ फ्रेंचाइजी के विरोध के कारण इस प्लान को रद्द करना पड़ा था। बता दें कि पिछले साल आइपीएल का मेगा सीजन के लिए भी फ्रेंचाइजी को उन खिलाडियों के बारे में बीसीसीआइ को सूचित करना होगा जिन्हें वे 15 नवंबर तक रिलीज करना चाहते हैं। पिछले साल हुई नीलामी के लिए सभी फ्रेंचाइजी की पर्स वैल्यू 90 करोड़ रुपये थी। इस साल इसे बढ़ाकर 95 करोड़ रुपये कर दिया जाएगा।

श्रीलंकाई गेंदबाज के बाउंसर पर चोटिल हुए मैक्सवेल, रोकना पड़ गया मैच



(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ पर्थ की पिच पर खेले गए मैच में मेजबान टीम को श्रीलंका के खिलाफ उस वक्त थोड़ा झटका लगा जब श्रीलंकाई बना चुकी थी। तभी दसुन शनाका ने गेंद लाहिरू कुमारा को थमाई।लाहिरू की पहली दो गेंदों पर कोई रन नहीं बने। लेकिन तीसरी गेंद पर उन्होंने ऐसी खतरनाक बाउंसर मारी कि वो सीधे नजर आए। चोटिल होने के बाद मैक्सवेल एक भी रन नहीं बना पाए और 23 के स्कोर पर वो करुणारत्ने की गेंद पर सब्सीट्यूड फील्डर आशेन बंडारा को कैच थमा बैठे। मैच की बात करें तो मैक्सवेल के

गेंदबाज लाहिरु कुमारा की एक बाउंसर से ग्लेन मैक्सवेल घायल हो गए और दर्द से कराहते नजर आए। खेल कुछ देर के लिए रोकना पड़ गया। हालांकि उसके अगले ही ओवर में मैक्सवेल 23 रन बनाकर आउट हो गए। 158 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया 11 ओवर में 2 विकेट खोकर 86 रन मैक्सवेल के गर्दन में जा लगी। चोट इतनी खतरना थी कि उन्हें फौरन अपनी हेलमेट उतारनी पड़ी। खेल कुछ देर के लिए रोकना पड़ा और मैदान पर फिजियो के आने के बाद कुछ देर बाद खेल दोबारा शुरू हुआ। हालांकि उसके बाद दो और गेंद लाहिरू ने 140 से ज्यादा की रफ्तार से फेंकी जिसमें मैक्सवेल असहज विकेट के बाद श्रीलंका को लगा कि उसने मैच में वापसी कर ली लेकिन मार्कस स्टोइनिस के रिकॉर्डतोड़ अर्धशतकीय पारी ने ऑस्ट्रेलिया को मुश्किल से निकालते हुए 21 गेंद पहले ही जीत दिला दी। स्टोइनिस ने 18 गेंदों पर 59 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 4 चौके और 6 छक्के लगाए।

कोहली ने लगाई रैंकिंग में छलांग तो सूर्यकुमार यादव तीसरे नंबर पर खिसके

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। पाकिस्तान के खिलाफ एमसीजी में अपने टी20 क्रिकेट की बेस्ट पारी खेलने वाले विराट कोहली को आइसीसी द्वारा जारी ताजा रैंकिंग में भी फायदा मिला है। दरअसल आइसीसी की ताजा रैंकिंग में उन्होंने 5 स्थानों की छलांग हैं। रिजवान 849 अंकों के साथ पहले नंबर पर हैं। सूर्यकुमार यादव की बात करें तो वह तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ सूर्युकुमार यादव केवल 15 रन बना पाए थे। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेवॉन कॉनवे ने जगह बना ली है। कॉनवे ने

लगाकर टॉप 10 में जगह बना ली है। कोहली फिलहाल 635 अकों के साथ 9वें स्थान पर हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में 53 गेंदों पर नाबाद 82 रनों की पारी खेली थी और टीम इंडिया को आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मैच में जीत दिलाई थी। उन्होंने अपनी इस पारी में 6 चौके और 4 छक्के लगाए थे।नंबर वन की बात करें तो पाकिस्तान के ओपनर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान बने हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में 92 रनों की नाबाद पारी खेली थी। उनकी इस पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को उनके ही घर में 13 साल बाद मात दी थी। उनकी इस पारी ने उन्हें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, सूर्यकुमार यादव और एडेन मार्करम से आगे पहुंचा दिया है। इतना ही नहीं वह नंबर वन रिजवान के लिए भी खतरा बनते जा रहे हैं। उनके और रिजवान में अब केवल 18 अंकों का फासला रह गया है।



राशिफल

मेष-:आज का दिन अच्छा रहेगा. आप बिना थके घर के काम आसानी से पूरे कर लेंगे। पाएँ बेहतर परिणामों के लिए खुद पर विश्वास. कार्यों के प्रति अपना व्यवहार मित्रवत रखें।

वृष-:आज आपको मित्रों की ओर से कोई नई खुशखबरी मिलने वाली है. आप समय पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपके व्यक्तित्व और क्षमताओं का विकास हो सकता है।

मिथुन-:आज के दिन नए कार्यों की शुरुआत पर ध्यान देना चाहिए. अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो आज का दिन अच्छा है। का ध्यान रखें और उन्हें हाथ से जाने न दें।

कर्क-:आज आपके मित्र आपकी मदद करेंगे। किसी मित्र को आपकी सलाह से बहुत लाभ हो सकता है। आपको केवल उन अवसरों के लिए धैर्य रखना होगा जो आपको मिलेंगे।

सिंह-:आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। जिन कार्यों को आप काफी समय से पूरा करने का प्रयास कर रहे थे, उन कार्यों के बारे में आप ध्यान से सोचेंगे।

कन्या-:आज आपको किसी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा. कार्यक्षेत्र में पहले से बनी हुई योजना को किसी के सामने न रखें अन्यथा दूसरा उसका फायदा उठा सकता है।

तुला-: आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे। आज आप अपने व्यवहार से ऐसे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंग।

वृश्चिक-:व्यापार में विस्तार के साथ ही आप व्यापार जगत में अपनी पहचान बनाएंगे. पिछले कुछ समय से अगर आपका जीवनसाथी रोजमर्रा के कामों में व्यस्त था।

धनु-:आज का दिन आपके व्यक्तित्व को निखारने के लिए अच्छा है। आपका अच्छा व्यक्तित्व आपको समाज में एक अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। आज आपको किसी सम्मानित व्यक्ति से मिलने का मौका मिल सकता है।

मकर-:आज आपको न तो कोई बड़ा खर्च करना चाहिए और न ही कोई वादा करना चाहिए. यह एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। आप भी अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

कुंभ-: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज ऑफिस में बॉस आपके काम से खुश हो सकते हैं और इनाम के तौर पर प्रमोशन दे सकते हैं।

मीन-:आज अगर आपको मदद की जरूरत है तो आज आपके दोस्त और रिश्तेदार पीछे नहीं हटेंगे. आज आपको कुछ महत्वपूर्ण कार्य निपटाने होंगे।

'इश्क तेरा तड़पावे' गाने पर एक साथ ठुमके लगाने लगे भारत और पाकिस्तान के लोग

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को चार विकेट से हराकर हर भारतीय क्रिकेट फैंस को दीवाली का तोहफा दिया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार इस मैच को देखने के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों के समर्थक नजर आए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के बाहर भारत-पाकिस्तान के समर्थक एक साथ पंजाबी गाने 'इश्क तेरा तड़पावे (ओह हो हो हो)' पर डांस कर रहे थे। इस वीडियो को अभिनेता अभिषेक बच्चन ने रीट्वीट किया।

मिलाकर लगभग 1 लाख से ज्यादा लोग मैच का आनंद उठाने स्टेडियम में पहुंचे थे। यह मुकाबला किसी इवेंट से कम नहीं था। स्टेडियम के अंदर अगर दोनों देशों के फैंस अपनी-अपनी टीमों के समर्थन करने में जुटे थे तो वहीं, स्टेडियम के बाहर दोनों देशों के क्रिकेट फैंस एकसाथ बॉलीवुड गानों पर ठुमके भी लगाते बता दें कि इस क्लिप को भारतीय अभिनेता गुल्शन देवय्या ने ट्वीट करते हुए लिखा, सुखबीर जिंदाबाद। स्टेडियम के बाहर दोनों देशों के क्रिकेट फैंस ने बॉलीवुड के गानें पर जमकर डांस किए। स्टेडियम के बाहर क्रिकेट फैंस द्वारा डांस एक और वीडियो उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने ट्वीट किया।

इंग्लैंड के हार पर पूर्व भारतीय खिलाड़ी ने मजेदार वीडियो शेयर कर ली चुटकी

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। आयरलैंड की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा उलटफेर करते हुए इंग्लैंड की टीम

को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 रनों से हरा दिया है। इंग्लैंड के सामने 158 रनों का लक्ष्य था लेकिन जब बारिश के कारण खेल रोका गया तब इंग्लैंड 5 विकेट के नुकसान पर 105 रन बना चुकी थी। बारिश के कारण खेल दोबारा शुरू नहीं किया जा सका और आयरलैंड ने डथ्ए नियम के तहत मुकाबला 5 रनों से जीत लिया। आयरलैंड के जीत दर्ज करते ही पूर्व भारतीय खिलाड़ी वसीम जाफर ने एक वीडियो शेयर कर चुटकी ली है।वसीम जाफर ने एक वीडियो शेयर किया और उसमें माइकल वॉन को टैग करके चुटकी ली और कैप्शन में लिखा मैच समरी। आपको बता दें कि ट्वीटर पर जाफर और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन की ये नोकझोक बहुच पुरानी है। दोनों की के बीच ये नोकझोक तब से शुरू हुई है जब टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में 92 रनों पर ऑलआउट हो गई थी।

रवि शास्त्री ने की भविष्यवाणी अगर टी20 विश्व कप के फाइल में भारत-पाक के बीच हुआ मुकाबला तो

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। टी20 विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान पर चार विकेट से जीत हासिल कर अपने अभियान की शुरूआत की है। विराट कोहली और हार्दिक पांड्या की शानदार पारी की बदौलत भारत ने हार के मुंह से जीत छीन ली थी। ऐसे में

भारत के पूर्व कोच ने कहा है कि अगर फाइनल में भारत-पाकिस्तान के बीच होता है तो भारत जीत हासिल करेगा। इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि, भारतीय टीम का आगाज शानदार हुआ है। जब मैं विराट की पारी देख रहा था तो मुझे आश्चर्य नहीं हुआ। मैं इसके होने का इंतजार कर रहा था। मुझे पता था कि यह होगा। पिच बल्लेबाजी के अनुकूल थी पाकिस्तान के खिलाफ उनका रिकॉर्ड हमेशा अच्छा रहा है। मंच सजा हुआ था और विराट मैदान पर आए और विराट पारी खेल गए।ङ्गउन्होंने आगे कहा कि, 1985 क्रिकेट टूर्नामेंट की विश्व चैम्पियनशिप में हमारा पहला गेम मेलबर्न में एमसीजी में पाकिस्तान के खिलाफ था। हम जीत गए। अब अगर भारत-पाकिस्तान फाइनल में फिर भिड़ता है तो हम उन्हें हार देंगे।ङ्घ बता दें कि भारत का अगल मुकाबला गुरुवार को नीदरलैंड के खिलाफ खेला जाए। वहीं 27 अक्टूबर को ही पाकिस्तान का सामना जिम्बाब्वे से होगा। गौरतलब हो कि 23 अक्टूबर को खेले गए भारत-पाकिस्तान मैच में विराट कोहली जीत के सूत्रधार थे। उन्होंने हार्दिक पांड्या के साथ मिलकर शतकीय साझेदारी की थी और भारत की हार को जीत में बदल दिया था। पाकिस्तान ने इस मैच में भारत के सामने 160 रनों का लक्ष्य रखा था। भारत को जीत के लिए आखिरी ओवर में 16 रन चाहिए थे।

बारिश की भेंट चढ़ा न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान का मैच, दोनों टीमों को मिले 1-1 अंक

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। टी20 वर्ल्ड कप 2022 में आज यानी बुधवार के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड का सामना 5 विकेट से करारी शिकस्त दी थी। वहीं न्यूजीलैंड ने अपने पहले मुकाबले में मेजबान टीम ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया है। आज केन है। यहां तेज गेंदबाजों को अच्छी उछाल मिल सकती है। पहली पारी में बल्लेबाजों को बल्लेबाजी करने में आसानी

अफगानिस्तान से होने वाला था। लेकिन बारिश की वजह से इस मैच को रद कर दिया गया। दोनों टीमों को 1-1 अंक दिए गए। यह मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर होने वाल था। इस टूर्नामेंट में इंग्लैंड ने अफगानिस्तान को पहले मैच में विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड टीम के पास जीत के लय को बरकरार रखने का अच्छा मौका था। एमसीजी के जिस पिच पर यह मुकाबला खेला जाएगा वो बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए अनुकूल मिलेगी। यहां पर औसत स्कोर 149 रन है। इस पिच पर लक्ष्य का पीछा करते हुए 45 प्रतिशत मुकाबले जीते गए हैं। डिवॉन कॉन्वेय (विकेटकीपर), फिन एलेन, केन विलियमसन (कप्तान), ग्लेन फिलिप्स, जेम्स नीशम, चैपमैन, मिचेल सेंटनर, टिम साउथी, ईश सोढ़ी, लुकी फर्ग्युसन, ट्रेंट बोल्ट अफगानिस्तान संभावित प्लेइंग हजरतुल्लाह जजई, मोहम्मद नबी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जादरान, उस्मान घानी, अमतुल्लाह ओमरजई, राशिद खान, मुजीब उर रहमान, फजल हक फारुखी आयरलैंड ने दी इंग्लैंड को मात बता दें कि बुधवार को खेले गए पहले मुकाबले में आयरलैंड की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप का दूसरा उलटफेर करते हुए इंग्लैंड की टीम को डकवर्थ लुईस नियम के तहत 5 रनों से हरा दिया है। इंग्लैंड के सामने 158 रनों का लक्ष्य था लेकिन जब बारिश के कारण खेल रोका गया तब इंग्लैंड 5 विकेट के नुकसान पर 105 रन बना चुकी थी।बारिश के कारण खेल दोबारा शुरू नहीं किया जा सका और आयरलैंड ने नियम के तहत मुकाबला 5 रनों से जीत लिया। आयरलैंड के जीत दर्ज करते ही पूर्व भारतीय खिलाड़ी वसीम जाफर ने एक वीडियो शेयर कर चुटकी ली है।

सम्पादकीय

वैचारिक दृष्टि दोष से पीडित शिवराज पाटिल, ऐसे ज्ञान को क्या कहा जाए

पतंजलि ने 'महाभाष्य' में शब्द अनुशासन समझाया है कि एक ही शब्द वाक्य में भिन्न-भिन्न स्थान पर बैठकर भिन्न अर्थ देता है। यास्क ने 'निरुक्त' में सही अर्थ के लिए इतिहास परंपरा व तर्क को अपनाने का सुझाव दिया है, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवराज पाटिल ने बिना किसी आधार के इस्लाम की बहुचर्चित धारणा 'जिहाद' के गीता में भी होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि 'जिहाद की अवधारणा न केवल इस्लाम में है, बल्कि भगवद्गीता और ईसाइयत में भी थी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उनकी टिप्पणी को खारिज किया है। पाटिल के वक्तव्य को लेकर पूरे देश में रोष है। भाजपा हमलावर है। गीता दर्शन ग्रंथ है। यह अर्जुन के प्रश्नें और श्रीकृष्ण के उत्तरों का ज्ञान संग्रह है। भारतीय ज्ञान परंपरा तर्क और प्रश्नें से संपन्न है। गीता में मानने पर कोई जोर नहीं। इसमें योग है, ज्ञान है, भक्ति है, सांख्य है, वेदांत है। अंत में स्वविवेक के अनुसार कर्म स्वातंत्र्य। श्रीकृष्ण ने अंत में कहा, 'मैंने तुम्हे यह ज्ञान बताया है। इस पर पूरी तरह विचार करो, फिर जो इच्छा हो, वह करो। दुनिया के किसी भी पंथ-मजहब में ऐसा कर्म स्वातंत्र्य नहीं है। जिहाद बहुचर्चित शब्द है। इसका सामान्य अर्थ दीन (मजहब) से इन्कार करने वाले लोगों से लड़ना है। कुरान के अनुवादक मो. फारुख खां व डा. मुहम्मद अहमद ने पारिभाषिक शब्दावली में जिहाद को परिभाषित किया है, 'जानतोड़ कोशिश, ध्येय की सिद्धि के लिए संपूर्ण शक्ति लगा देना।' युद्ध के लिए कुरान में 'किताल' शब्द प्रयुक्त हुआ है। जिहाद का अर्थ किताल के अर्थ से कहीं अधिक विस्तृत है। जो व्यक्ति सत्य-धर्म के लिए अपने धन, लेखनी और वाणी आदि से प्रयतन्शील हो। इसके लिए स्वयं को थकाता हो, वह जिहाद ही कर रहा है। धर्म के लिए युद्ध भी करना पड़ सकता है। उसके लिए प्राणों का बलिदान भी किया जा सकता है। यह भी जिहाद का एक अंग है। जिहाद को उसी समय इस्लामी जिहाद कहा जाएगा, जबकि वह अल्लाह के लिए हो। अल्लाह के नाम और उसके धर्म मजहब की प्रतिष्ठा के लिए हो, न कि धन-दौलत की प्राप्ति के लिए हो। जिहाद का मुख्य उद्देश्य है सत्य-मार्ग की रुकावटें को दूर करना, संसार को अल्लाह के अतिरिक्त दूसरों की दासता से छुटकारा दिलाना। धर्म के पालन में जो बाधाएं और रुकावटें खड़ी होती हैं, उन्हें दूर करना।' अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिहाद का अर्थ प्रायः युद्ध से लिया जाता है। इस्लामी विचारधारा जिहाद के लिए प्रेरित करती है। मजहब के लिए युद्ध करते मारे गए लोगों के लिए कुरान का संदेश है, 'जो लोग अल्लाह के मार्ग पर मारे जाएं, उन्हें मुर्दा न कहो बल्कि वे जीवित हैं। तुम्हे अहसास नहीं होता।' इस विचारधारा में दीन से इन्कार करना कुफ्र है और ऐसा करने वाले काफिर। कुफ्र, काफिर और जिहाद पर सारी दुनिया में चर्चा होती है। इस विचारधारा में युद्ध अनिवार्य है, 'तुम पर युद्ध थोपा गया है और वह तुम्हे प्रिय नहीं लगता। बहुत संभव है कि कोई चीज तुम्हे प्रिय हो, लेकिन वह तुम्हारे लिए बुरी है। इसलिए अल्लाह के मार्ग में युद्ध करो। जिन लोगों ने अल्लाह के मार्ग में जिहाद किया वही अल्लाह की दयालुता की आशा रखते हैं। मजहबी राज्य की स्थापना फर्ज है। इतिहासकार यदुनाथ सरकार ने लिखा है कि मुस्लिम शासक का सर्वप्रमुख कर्तव्य काफिरों के देशों-दारुल हर्ब पर तब तक जिहाद करना है, जब तक कि वे इस्लामी राज्य-दारुल इस्लाम न बन जाएं और लोग इस्लाम का राज स्वीकार न कर लें।' दुनिया में राष्ट्रीयता और लोकतंत्र का विकास हो रहा है। इस्लाम और राष्ट्रीयता के रिश्तों पर मौलाना मौदूदी की राय है कि 'इस्लाम और राष्ट्रीयता विरोधी हैं। जहां राष्ट्रीयता है, वह इस्लाम का प्रभाव नहीं बढ़ सकता। जहां इस्लाम है वहां राष्ट्रीयता के लिए कोई जगह नहीं।' भारतीय संविधान निर्माताओं ने संसदीय लोकतंत्र अपनाया है। मौलाना मौदूदी का कहना है 'जिन सुधार को इस्लाम लाना चाहता है, उनके लिए सत्ता पर अधिकार जरूरी है, इसलिए दीन की स्थापना के मकसद से शासन तंत्र पर अधिकार करने के लिए संघर्ष की न केवल अनुमति है, बल्कि यह अनिवार्य भी है।'

राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर कितने कामयाब होंगे ऋषि सुनक

हर तरफ ऋषि सुनक की प्राथमिकताओं और चुनौतियों को लेकर चर्चाएं हैं, बाजार की निगाह उनपर है, अपने देश को लेकर उनके 'विजन' की चर्चा है, साथ ही कम राजनीतिक अनुभव के बावजूद सबको साथ लेकर चलने और एक ऐसा ब्रिटेन बनाने की उनकी परिकल्पना पर सबकी नजर है महज 42 साल के इस उत्साही युवा की आंखों में ब्रिटेन की तस्वीर और तकदीर बदलने का जुनून देखा जा सकता है। बेशक लोग कहें कि ऋषि सुनक का राजनीतिक अनुभव बहुत कम है, लेकिन उनकी आर्थिक समझ और अपने देश को संकट से उबार लेने की उनकी योजनाएं मायने रखती हैं। उनका भारतीय मूल का होना भावनात्मक रूप से भले ही भारत के लिए अहम हो, लेकिन सब जानते हैं कि भारतवंशी होने से पहले ऋषि अपने देश और अपनी जनता के लिए सबसे बड़े भरोसे और उम्मीद का नाम है। हर तरफ ऋषि सुनक की प्राथमिकताओं और चुनौतियों को लेकर चर्चाएं हैं, बाजार की निगाह उनपर है, अपने देश को लेकर उनके 'विजन' की चर्चा है, साथ ही कम राजनीतिक अनुभव के बावजूद सबको साथ लेकर चलने और एक ऐसा ब्रिटेन बनाने की उनकी परिकल्पना पर सबकी नजर है, जिसका संकेत उन्होंने प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद दिया। यह सवाल गंभीरता के साथ उठाया जा रहा है कि ब्रिटेन जिस मंदी और बढ़ती ब्याज दरों के बुरे दौर से गुजर रहा है और बैंक ऑफ इंग्लैंड की ओर से मंहगाई पर काबू पाने की कोशिशें अभी तक नाकाम साबित हो रही हैं, साथ ही उपभोक्ताओं को बढ़ती लागत और गिरती आय का सामना करना पड़ रहा है, क्या

ऋषि सुनक के पास इन चुनौतियों से निपटने की कारगर योजना है और अगर योजना है भी तो क्या उनकी पार्टी के ही तमाम गुटों के लोगों या विपक्षी पाटियों का उन्हें साथ मिल पाएगा लिज ट्रस का ही उदाहरण देख लें। उन्होंने बेशक 44 दिनों में हार मान ली हो, अपने वादों को पूरा कर पाने में खुद को अक्षम बताकर इस्तीफा दे दिया हो, लेकिन क्या इसके पीछे सिर्फ टैक्स कटौती या उनके कुछ सख्त फैसले थे या फिर अपनी ही पार्टी के लोगों के विरोध ने उन्हें टिकने नहीं दिया सबसे बड़ा उदाहरण बोरिस जॉनसन का ही देख लीजिए, आखिर क्यों जॉनसन ने हाथ पीछे खींच लिए या पद छोड़ने को मजबूर हो गए दरअसल इस वक्त ब्रिटेन की सबसे बड़ी दिक्कत वहां की सत्ताधारी कंजरवेटिव पार्टी के भीतर चल रही गुटबाजी है। यह पिछले कुछ सालों में साफ हो गया है। इतनी जल्दी जल्दी यानी महज कुछ ही महीने में ब्रिटेन ने तीन प्रधानमंत्री देख लिए और अगर दावेदारों की फेहरिस्त देख लें, तो पार्टी का नेतृत्व और देश संभालने का सपना देखने वाले हर बार आपको दो-चार तो मिल ही जाते हैं, भले ही तकनीकी कारणों से वो पीछे रह जाते हों या रास्ता छोड़ देते हों, लेकिन ब्रिटेन की सियासत के इस संक्रमण काल का दुनिया देख रही है। पेनी मार्डट हों, जॉनसन हों या लिज ट्रस- इन सभी नेताओं के अपने अपने मजबूत गुट हैं, जो ऋषि सुनक को नाकाम साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। जॉनसन समर्थकों की नजर में ऋषि ने जॉनसन के साथ धोखा किया है और उनकी सरकार में रहते हुए भी उन्हें हटाकर खुद प्रधानमंत्री बनने की कोशिश में लगे रहे, लिज ट्रस का भी उन्होंने सबसे पहले विरोध किया और उनकी नीतियों की खुलकर खिलाफत की। जानकारों के मुताबिक ऐसे में ये तमाम नेता सुनक को किसी भी हाल में कामयाब होने से रोकने की कोशिश करेंगे।

बीते 3 सालों में कश्मीर में लोकतंत्र हुआ सशक्त, स्थानीय नेताओं ने यूरोपीय सांसदों को बताए जमीनी हालात

जम्मू-कश्मीर में मोदी सरकार ने जो कड़े कदम उठाए, उनका प्रभाव नजर आने लगा है। पत्थरबाजी से लेकर आतंकवाद तक में पिछले कुछ सालों कमी देखने को मिली है। घाटी में हुए बदलावों की कश्मीरी राजनेताओं ने यूरोपीय सांसदों को जानकारी दी, जो जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन वर्षों में देखे जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय रहा है। पाकिस्तान कई बार इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठा चुका है। पाकिस्तान समर्थित आतंकी कश्मीर की शांति को भंग करते रहे हैं, इसके पुख्ता सबूत कई बार भारत पेश कर चुका है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक और संघर्ष से पिछले काफी समय से जूझ रहा है। हालांकि, पिछले तीन सालों में कई बड़े बदलाव देखने को मिले। इस दौरान तीन-स्तरीय प्रणाली के माध्यम से स्थानीय शासन में सुधार हुआ है। ये सब एक नई राजनीतिक इच्छा शक्ति के कारण संभव हो पाया है। सफीना ने कहा, 'ये बेहद दुख की बात है कि घाटी के लोगों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई इस प्रमुख पहल को लंबे समय से एक सतत संघर्ष कथा रूप में देखा गया है। हालांकि, इस दौरान जवाबदेह, प्रभावी और पारदर्शी शासन को सुविधाजनक बनाने के ईमानदार प्रयासों पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'इस सक्षम परिवर्तन के पीछे कारण युवा नेतृत्व है, जिसे जनता द्वारा भारी समर्थन दिया गया है। यह नया नेतृत्व स्थिर और सार्थक लोकतांत्रिक विकास के माध्यम से सकारात्मक शांति बनाने के लिए आम लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। वे कई चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करते हैं और अपनी समस्याओं का लोकतांत्रिक समाधान खोजने के लिए आम लोगों के साथ जुड़ रहे हैं।' सफीना ने एमईपी से कहा कि हम यूरोपीय संघ और भारत के सांसदों के बीच बातचीत की सराहना करते हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में भी इस तरह के विचारों का आदान-प्रदान जारी रहेगा - कुछ ऐसा जो दोनों लोकतंत्रों के लिए अच्छा होगा।' कश्मीर में एक मानवाधिकार कार्यकर्ता मीर जुनैद भी सम्मेलन में शामिल हुए और उन्होंने कहा कि तमाम चुनौतियों के बावजूद हम बढ़ रहे हैं और हम एक साथ आ रहे हैं और सीमा पार से आतंक के खतरे के बावजूद खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हम जो चाहते हैं वह स्थिरता की हमारी यात्रा में दुनिया से समर्थन है। हमारा एकमात्र दुश्मन आतंकवाद है और दुनिया को यह नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद कहीं भी पूरी मानवता के लिए खतरा है और इसे किसी भी कीमत पर अस्तित्व की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मोदी सरकार के आने के बाद जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया गया।

बता दें कि लगभग तीन साल पहले जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया गया था, जिसके बाद काफी बदलाव देखने को मिले हैं। दरअसल, कश्मीर घाटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य रूप से महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए यूरोपीय संस्थानों द्वारा आयोजित 'लैंगिक समानता सप्ताह' के दौरान यूरोपीय संसद में ईपीपी राजनीतिक समूह द्वारा आयोजित 'कश्मीर में ग्रासरूट डेमोक्रेसी, ए रोड टू डेमोक्रेटिक एम्पावरमेंट' नामक सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन में खासतौर पर संघर्ष से जूझ रहे क्षेत्रों के लोगों को शामिल किया गया था। कश्मीर का मुद्दा पिछले लंबे समय से भारतीय ही नहीं, बदलाव लाने के लिए जमीनी स्तर पर कुछ अभूतपूर्व परिवर्तन किए गए हैं। इनमें से एक है अनुच्छेद 370 का हटना। इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। एमईपी डेनिएला रोंडिनेली ने कश्मीरी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए शांति और संवाद स्थापित करने के लिए युवाओं और महिला नेताओं के प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए एक उज्वल भविष्य के निर्माण के साथ-साथ शांति बनाए रखने के लिए यूरोपीय संघ के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए बहस शुरू की। इस दौरान कश्मीर में जिला विकास परिषद की अध्यक्ष सफीना बेग ने बताया कि जम्मू और कश्मीर आतंकवाद

ठंड में सताएंगे धुंध और कोहरा अभी से बनने लगी स्थितिया

सरकारें जब जानती हैं कि पराली के खुले में खेतों में जलाने के आर्थिक व पर्यावरणीय हानि हैं, तो वे किसानों से समर्थन मूल्य पर पराली खरीद सकती हैं। फिर मनरेगा के तहत पराली से खाद बनाने की मजदूरी दी जा सकती है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शीतकालीन स्मॉग की स्थितियां तेजी से बन रही है, जिसका एक कारण पराली का जलाया जाना है। पराली जलने पर विभिन्न आकार के कणीय प्रदूषकों के साथ ही मीथेन, कार्बन मोनोक्साइड, ब्लैक कार्बन जैसे जहरीले प्रदूषक भी उत्सर्जित होते हैं। मशीनों से धान



कटाई के कारण यह समस्या बड़े खेतों में ज्यादा उभरी है, क्योंकि मशीनें फसलों के लंबे ठूंठ खेतों में छोड़ देती हैं। जब हाथों से फसल कटाई होती है, तो उन्हें जमीन के पास तक काटा जा सकता है। भारत में राष्ट्रीय फसल अवशेष प्रबंधन एनपीएमसीआर, 2014 की नीति अस्तित्व में है। फिर भी सारे जागरूकता कार्यक्रमों व प्रतिबंध, दंड या प्रोत्साहन के सरकारी उपायों व अपीलों के बावजूद फसल अवशेषों को जलाने की घटनाएं जारी हैं। किसान अब दक्षिण भारत में भी पराली को खेत में ही जला रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण के समाधान को स्थायित्व देने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अपनी सख्ती दिखा रहा है। इस क्षेत्र में पड़ने वाले जिलों के जिलाधिकारियों को तुरंत पराली जलाने की घटनाओं की रिपोर्टिंग व घटनाओं को अंजाम देने वालों पर मुकदमे कायम करने को कहा गया है। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश, राजस्थान हरियाणा और पंजाब में पराली जलाना प्रतिबंधित कर दिया था, और इसे अपराध भी घोषित कर दिया गया था। पर पिछले साल कृषि कानूनों के खिलाफ चले किसान आंदोलन के बाद इसे अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है। हालांकि जगह-जगह स्थानीय प्रशासन पराली जलाने पर रोक लगाने के विभिन्न दंडात्मक प्रावधान लागू कर रहे है। दिल्ली के 2022 विंटर ऐक्शन प्लान में पराली प्रबंधन पर भी जोर है। दिल्ली सरकार द्वारा विगत तीन अक्तूबर से वायु प्रदूषण से निपटने के लिए स्थापित ग्रीन वार रूम में पराली जलाने के मामलों की रियल टाइम डाटा मॉनीटरिंग हो रही है। हरियाणा सरकार ने भी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शामिल अपने जिलों में पराली जलाने पर रोक लगा रखी है। हालांकि किसान आम जन की भूख मिटाने के लिए ही अनाज पैदा करता है, लिहाजा उसे ही पराली जलाने का अपराधी न माना जाए। अनेक राज्यों में खेतों में फसल जलाने पर दंड के प्रावधान हैं, जो ऋणग्रस्त किसानों के लिए एक और मुश्किल है। पंजाब सरकार ने किसानों से पर्यावरण बचाने में मदद करने की अपील की है। वहां सरकार की मुश्किल यह है कि किसान छह हजार रुपये प्रति एकड़ सहायता मांग रहे हैं, जबकि सरकार के लिए 2,500 रुपये प्रति एकड़ देना भी मुश्किल है।

हाथ में कलावा और 10 डाउनिंग स्ट्रीट में एंट्री, पहले भाषण में कुछ ऐसे नजर आए ब्रिटिश PM सुनक

भारतीय मूल के हिंदू प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ब्रिटेन की सत्ता संभाल ली है। भले ही वे ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में अपना पहला संबोधन देते वक्त उनके हाथ में पवित्र लाल हिंदू कलावा धागा

प्रधानमंत्री हो लेकिन उनकी धार्मिक जड़ें अभी भी भारत से जुड़ी हुई है। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ने न केवल अपना बल्कि भारत का भी मान बढ़ाया है। यूके के पीएम के रूप में कार्यभार संभालने के दौरान उनकी एक भारतीय होने की छवि भी सामने देखी गई। ऋषि के 10 डाउनिंग स्ट्रीट में प्रवेश करने के दौरान हर एक भारतीय की नजर एक चीज पर ठीक गई। पहने हुए देखा गया। इससे ये प्रतीत होता है कि सनुक को अपने हिंदू होने पर कितना गर्व है।ऋषि सुनक भाषण के दौरान वहां मौजूद लोगों का अभिवादन कर रहे थे और तभी उनके हाथ में कलावा देखा गया। बता दें कि कलावा को हिंदू धर्म में बहुत ही पवित्र माना जाता है। हिंदू धर्म के अनुसार, हाथ में कलावा बांधना एक रक्षा सूत्र की तरह काम करता है और ये दर्शाता है कि शत्रु के सामने विजयी प्राप्त हुई। 42 वर्षीय ऋषि सुनक ने ब्रिटेन के पीएम का पद संभालते ही इतिहास रच दिया है। वह पहले हिंदू प्रधानमंत्री के साथ-साथ सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री भी बन गए है। मंगलवार को वह किंग चार्ल्स से मिले और शपथ ली। सुनक ने अपने भाषण में कहा कि उनकी सरकार हर स्तर पर सत्यनिष्ठा, व्यावसायिकता और जवाबदेही होगी। ऋषि सुनक ने हमेशा भारतीय होने की पहचान पेश की। 2017 के आम चुनावों के बाद, सुनक ने हिंदू पवित्र पुस्तक भगवद गीता पर एक विधायक के रूप में शपथ ली थी। ऋषि सुनक ने गर्व के साथ अपनी हिंदू पहचान की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि ठमैं अब ब्रिटेन का नागरिक हूं। लेकिन मेरा धर्म हिंदू है। मेरी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत भारतीय है। मैं गर्व से कहता हूं कि मैं हिंदू हूं और मेरी पहचान भी हिंदू है। इस साल अगस्त में, ऋषि सुनक ने जन्माष्टमी पर अपनी पत्नी अक्षता के साथ एक मंदिर का दौरा किया था। ऋषि सुनक ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें भी पोस्ट की थी। हिंदू सांसद को ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय भी काफी पसंद करते है। एक बार उन्होंने मंदिर में अपनी पत्नी के साथ गौ पूजा की थी। दंपति को गाय की पूजा करते और आरती करते देखा गया था। ऋषि सुनक नियमित रूप से हैम्पशायर में मंदिर जाते हैं। इंडिपेंडेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार, साउथेम्प्टन में वैदिक सोसाइटी हिंदू मंदिर की स्थापना ऋषि सुनक के दादा, रामदास सुनक ने 1971 में एक ट्रस्टी के रूप में की थी।

शी चिनफिंग के खतरनाक इरादे, चीन से पहले से ही त्रस्त समाजों के लिए बढ़ता खतरा

चीन में आखिर वही हुआ, जिसकी आशंका और अनुमान लगाए जा रहे थे। गत रविवार को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीसीपी की 20वीं कांग्रेस अधिवेशन में स्थापित परंपरा को तोड़ते हुए वर्तमान राष्ट्रपति शी एवं सुरक्षा तंत्र चलता है। इन दो पदों के अलावा शी पहले से ही राष्ट्रपति पद पर कायम हैं। उनका कार्यकाल अभी एक साल और शेष है। इसके साथ ही स्पष्ट हो गया कि शी का अपनी पार्टी की 'साझा-नेतृत्व' वाली परंपरा को फिर से

चिनफिंग को लगातार तीसरी बार पांच साल के लिए चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव घोषित किया गया। यह चीनी शासन व्यवस्था में सबसे बड़े शासक का पद है। उसी दिन उन्हें 'सेंट्रल मिलिट्री कमीशन' का प्रधान भी घोषित कर दिया गया। चीन में यह प्रधान सेनापति का पद है, जिसके आदेश और इशारों पर चीन का पूरा सैन्य स्थापित करने का कोई इरादा नहीं। वह अपनी तानाशाही को और धार देते हुए चीन को निरंतर आक्रामक रास्ते पर ले जाएंगे। अधिवेशन के पहले दिन ही करीब दो घंटे के भाषण में आक्रामक भाषा और इरादों से उन्होंने इसके स्पष्ट संकेत दे दिए थे। इसके बाद भी किसी को कोई गलतफहमी रह गई थी तो उसे भी उन्होंने अधिवेशन समाप्ति के बाद अगले दिन 23 अक्टूबर को सरकार की सर्वशक्तिमान टीम यानी पार्टी की पोलित ब्यूरो स्थायी समिति के नए सदस्यों के नामों की घोषणा में स्पष्ट कर दिया। पार्टी मुखिया और सैन्य प्रमुख संबंधी पदों की घोषणा के बाद रविवार दोपहर को शी बीजिंग स्थित ग्रेट हाल के मंच पर आए तो वहां उपस्थित पार्टी प्रतिनिधियों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने पाया कि पूरी की पूरी मंडली शी के चहेतों से भरी हुई है। उनसे असहमति रखने वाला एक भी नेता इसमें नहीं था। यहां तक कि एक दिन पहले तक शी की सरकार में प्रधानमंत्री रहे ली केचियांग भी इस मंडली से गायब थे। अधिवेशन समाप्ति के अंतिम दिन अंतरराष्ट्रीय मीडिया और सांसदों की उपस्थिति में शी के बगल बैठे पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ को जिस अपमानजनक तरीके से बाहर किया गया, उसने भी स्पष्ट कर दिया कि अब चीन की राजसत्ता में शी की नापसंद वाले किसी भी नेता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चीन पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों ने यह नोट किया कि हू को अपमानजनक तरीके से बाहर निकाले जाने से ठीक पहले विदेशी मीडिया को सभागार में बुला लिया गया था ताकि हू के अपमान को कैमरों में रिकार्ड कर दुनिया को संदेश दिया जाए कि चीन पर शी का एकछत्र राज कायम हो चुका है।

संक्षिप्त समाचार

अमेरिका में घने कोहरे के कारण हुए हादसे में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के तीन छात्रों की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

हैदराबाद। अमेरिका में तेलुगू राज्यों तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के तीन छात्रों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह जानकारी उनके परिवारों ने दी है। मंगलवार को अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य में एक ट्रक और एक मिनी वैन की जोरदार टक्कर यह दुर्घटना हुई। मृतक के परिजनों तक पहुंची सूचना के अनुसार, मिनी वैन में आठ लोग सवार थे। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक अन्य व्यक्ति को मामूली चोट आई है। मृतकों में से दो, जिनमें एक महिला भी शामिल है, वे तेलंगाना के रहने वाला है, जबकि हादसे का तीसरा शिकार पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश का था। मृतकों की पहचान प्रेम कुमार रेड्डी (हैदराबाद), पवानी (वारंगल) और वी. साई नरसिम्हा (पूर्वी गोदावरी) के रूप में हुई है। साईं नरसिम्हा के रिश्तेदारों को उनके दोस्तों से सूचना मिली कि दुर्घटना क्षेत्र में घने कोहरे के कारण स्थानीय समय में सुबह 5 से 7 बजे के बीच हुई। इसी साल अगस्त में अमेरिका गए साईं नरसिम्हा एमएस कर रहे थे। चेन्नई के हिंदुस्तान इंजीनियरिंग कॉलेज से इंजीनियरिंग सनतक की भर्ती एक कंपनी ने की थी। 23 वर्षीय साईं नरसिम्हा ने बाद में नौकरी छोड़ दी और कनेक्टिकट के एक विश्वविद्यालय में एमएस के लिए खुद को नामांकित किया। उनकी मृत्यु के बारे में जानकर उनके माता-पिता हैरान रह गए और दुख जताया। इससे पहले साईं नरसिम्हा ने परिवार के अन्य सदस्यों को दिवाली की बधाई देने के लिए वीडियो काल के जरिए बात की थी। उसी गांव के ईश्वर्या भाग्यशाली थे कि दुर्घटना में मामूली रूप से घायल हो गए। मृतकों के परिवारों ने केंद्र और तेलुगु राज्यों की सरकारों से शवों को वापस लाने में उनकी मदद करने की अपील की है।

कोटर थाना क्षेत्र बिहरा क्रमांक 1 में अहीर नृत्य ने सबको लुभाया

(आधुनिक समाचार सेवा)

सतना। कोटर दीपावली की देश भर में धूम रही और हर जगह अपने ही अंदाज में त्योहार मनाया जा रहा है। इस बीच अपनी लोकसंस्कृति के लिए बघेलखंड का विख्यात अहीर नृत्य की धूम देखने को मिली। ढोल और नगरिया की थाप पर नाचते लोक कलाकारों ने सबका मन मोह लिया। दिवाली के अगले दिन इस नृत्य के आयोजन की परंपरा है। अहीर नृत्य करने वाले सिर पर मोर पंख बांधे और झालरदार मुकुट पीले वस्त्र पहने होते हैं और आपस में ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते हैं। भगवान कृष्ण की भक्ति का अनूठा अंदाज सतना जिले के कोटर तहसील के बिहरा क्रमांक 1 के बालखंडी देवी परिसर में सोमवार को दिवारी नृत्य का आयोजन था। ग्रामीणों ने कहा कि यह परंपरा हजारों सालों से चली आ रही है और इस नृत्य का आयोजन गोवर्धन पूजा के दिन होता रहा है। इसे गोवर्धन पर्वत उठाने के बाद भगवान कृष्ण की भक्ति में प्रकृति पूजन परंपरा के तौर पर मनाया जाता है, जिसमें

दिवारी गीत शामिल होते हैं। दिवारी नृत्य करने वालों की टोली नृत्य करती है। भारतीय संस्कृति की परंपरा को जीवित रखने मंच की कमी नहीं होने देगे : रवि प्रताप दीपावली को लेकर जहां देश भर में हर्षोल्लास का माहौल रहा वहीं लोक कलाओं की धूम रही। ग्राम पंचायत बिहरा के बालखंडी देवी प्रांगण में यादव समाज द्वारा देवरिया नृत्य किया गया जिसको देखने आसपास के कई गावों के लोगों का हुजूम उमड़ा बघेल खंड में दीपावली के शुभ अवसर पर इस नृत्य की धूम रहती है वहीं इसको अन्य क्षेत्रों में गहिरा नृत्य, धनगर नृत्य आदि नामों से जाना जाता है। वहीं हर साल की भांति इस वर्ष भी अहीर समाज के कलाकारों ने अपनी कला से लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बिहरा सरपंच रवि प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोक संस्कृति की यादें ताजा हो जाती हैं। वही भारतीय संस्कृति की परंपरा को जीवित रखने के लिए मंच की कमी नहीं होने देंगे हर संभव मदद बिहरा पंचायत की ओर से की जायेगी। कार्यक्रम में इंजीनियर शिवपाल सिंह,किसान मोर्चा के मंडल प्रभारी रामरूप साकेत व वरिष्ठ कांग्रेस नेता जग्गू शुक्ला गुलाब सिंह शिव बालक शुक्ला छत्रपाल सिंह देवसुंदर तिवारी महेश गुप्ता वीरेंद्र सिंह बहोरी हरिजन नागेन्द्र गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

बेंगलुरु में मिला कोरोना वायरस का नया वेरिएंट, कर्नाटक सरकार ने जारी की एडवाइजरी

(आधुनिक समाचार सेवा)

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में कोरोना वायरस का नया उप-स्वरूप सामने आने के बाद परामर्श जारी कर राज्य के लोगों से कोविड उपयुक्त व्यवहार अपनाने की अपील की



है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि सर्दी, जुकाम और बुखार जैसे लक्षण होने पर नजदीकी अस्पताल में अपनी जांच करवाएं और रिपोर्ट आने तक घर में रहें। कर्नाटक सरकार ने कोविड से बचने के लिए जारी किया परामर्श स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आयुक्तालय ने कहा, "महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के एक्सबीबी के अलावा नये उप-स्वरूपों बीक्यू.1 (अमेरिकी स्वरूप), बीए.2.3.20 जोकि बीए.2.75 और बीजे.1 से मिलकर बने हैं, के सामने आने और दिवाली तथा कनन्ड़ राज्योत्सव के त्योहारी सीजन के मद्देनजर आम जनता के लिए परामर्श जारी किया जाता है।विभाग ने कहा, "जिन्हें बुखार, सर्दी, जुकाम, गला खराब, सांस लेने में दिक्कत आ रही है, वे अनिवार्य रूप से तत्काल नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केन्द्र से जांच (रैपिड एंटीजन) कराएं, और उसके नेगेटिव आने पर आरटी-पीसीआर कराएं और रिपोर्ट आने तक घर में रहें।" जिन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है, तत्काल डॉक्टरी सहायता लें, संभव हो तो अस्पताल पहुंचें। परामर्श में कहा गया है, "बंद जगहों, जहां एसी चल रहा हो, जिन जगहों पर वायु संचरण की पर्याप्त व्यवस्था ना हो या भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क (एन-95 या मेडिकल मास्क) लगाएं। यह आवश्यक है कि सभी बुजुर्ग और अन्य बीमारियों से ग्रस्त लोग सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाएं।

ऊर्जा संकट के बीच आत्मनिर्भरता की मिसाल बना मोढेरा, दुनिया को दे रहा संदेश

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। हाल में गुजरात के मोढेरा गांव को देश का पहला पूर्ण सौर संचालित गांव घोषित किया गया है। सौर ऊर्जा से जुड़ी यह पहल ग्रामीणों का जीवन बदलने और जलवायु कार्रवाई की दिशा में बेहद अहम है। यह पहल आर्थिक बचत के साथ-साथ ग्रामीणों के सामाजिक सशक्तीकरण में भी

मददगार साबित हो रही है। करीब साढ़े छह हजार की आबादी वाला मेहसाणा जिले का यह गांव अब ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बन चुका है। गांव के हरेक घर, स्कूल, अस्पताल और यहां तक कि मंदिर भी सौर ऊर्जा से जगमगा रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित परियोजना के तहत मोढेरा के आवासीय और सरकारी भवनों के शीर्ष पर 1,300 सोलर पैनल लगाए गए है। भारत में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। सौर ऊर्जा पृथ्वी पर सबसे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध स्वच्छ एंव सुलभ ऊर्जा संसाधन है। देश में साल के लगभग तीन सौ दिन अच्छी धूप पड़ती है। ऐसा माना जाता है कि पृथ्वी की सतह पर एक से डेढ़ घंटे के दौरान पड़ने वाली सूरज की रोशनी को अगर ऊर्जा में रूपांतरित कर दिया जाए, तो इससे दुनियाभर में एक साल में खपत होने वाली ऊर्जा मांग की पूर्ति हो सकती है। इस दिशा में थोड़ी कामयाबी भी ऊर्जा संकट को कम करने और विद्युत के लिए जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटाने में सहायक हो सकती है। ऐसे समय में जब भारत अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन का नेतृत्व कर रहा है, तब इस दिशा में निवेश लाभदायक हो सकता है। जिस मोढेरा को लोग केवल ऐतिहासिक सूर्य मंदिर के लिए जानते थे, अब उसकी पहचान सौर ऊर्जा के आदर्श गांव के तौर पर हो रही है। बिजली की आंखमिचौली से त्रस्त इस गांव की रातें भी अब रोशनी से नहा रही है। इस तरह सौर ऊर्जा ने गांव के वर्तमान ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों का भविष्य भी संवार दिया है। स्थानीय लोग सौर ऊर्जा का इस्तेमाल प्रकाश के साथ-साथ अन्य घरेलू, कृषि संबंधी और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भी कर रहे है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि अब यहां के लोगों को बिजली बिल भुगतान से मुक्ति मिल गई है। इस बचत से वे अन्य कार्य संपादित कर पा रहे है। यही नहीं, सौर ऊर्जा से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को ग्रिड को बेचने पर धन की प्राप्ति भी हो रही है।

सिपाही को चाकू मारकर रायफल लूटी

(आधुनिक समाचार सेवा)

सुल्तानपुर। बदमाश ने सिपाही को चाकू मारकर लूट ली राइफल सुल्तानपुर रेलवे जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर हुई चाकूबाजी और लूट की घटना। बताया जाता है कि घायल सिपाही को रेलवे पुलिस ने सुल्तानपुर जिला अस्पताल भर्ती कराया है ।वही खबर लिखे जाने तक अभियुक्त का पता नहीं चल सका है। एसओ जीआरपी नीतेंद्र शुक्ला ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है ।घायल सिपाही का उपचार हो रहा है।

छठ घाट की तैयारी जोरो पर

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। सेक्टर 82 पाकेट 7 के पार्क मे निःशुल्क छठ पूजा सेवा समिति ने ग्रहण खत्म होने के तुरंत बाद छठ घाट की खुदाई शुरू किया गया । छठ पूजा पर्व विगत बर्षों की भांति इस वर्ष भी छठ पूजा धूमधाम से मनाया जाएगा। छठ पूजा सेवा समिति के संयोजक अमितेश कुमार सिंह ने हमारे ब्यूरो प्रभारी देव मणि शुक्ला को बताया कि यह कार्यक्रम 28 से 30 तक चलेगा। छठ व्रती के लिए व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है। घाट की साज सज्जा भी कराई जाएगी। 30 की सूर्य भगवान को अर्घ देकर समापन होगा। इस मौके पर हिमांशु सिंह, वीरेंद्र सिंह, कुणाल सिंह, शशि भूषण सिंह शंकर दास, राजीव सिंह वीरेंद्र सिंह हरिशंकर बीडी गुप्ता तमाम लोग मौजूद रहे।

अशोक गहलोत का दावा सिर्फ राहुल गांधी ही दे सकते हैं पीएम मोदी को चुनौती

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। मल्लिकार्जुन खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष पद भार ग्रहण से पहले सीएम अशोक गहलोत ने एक बार फिर कहा है कि राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष बनाने के

लिए आखिरी मिनट तक कोशिश की गई क्योंकि वे ही मोदी और सरकार को चुनौती दे सकते हैं। गहलोत ने कहा आज एक नई शुरुआत है। हम मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देते हैं और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। गहलोत ने कहा कि सोनिया गांधी ने 1998 में कांग्रेस के मुश्किल हालात में जिम्मेदारी संभाली थी। सोनिया गांधी ने अध्यक्ष बनने के बाद 12-13 राज्यों में सरकारें बनाई। दो बार केंद्र में यूपीए की सरकार बनाई।कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए बुधवार को दिल्ली पहुंचे अशोक गहलोत ने एयरपोर्ट पर मीडिया से हुए मुखातिब होते हुए कहा कि इस बार भी सब लोग चाहते थे की राहुल गांधी ही कांग्रेस अध्यक्ष बने। क्योंकि मोदी के सामने मजबूती से कोई मुकाबला कर सकते वो राहुल गांधी ही हैं। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी के 22 साल के कार्यकाल को हमेशा याद किया जाएगा। 22 साल बाद गैर गांधी परिवार का कोई अध्यक्ष बना है। गहलोत ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे के सामने बहुत बड़ी चुनौती है। खासकर देश में जिस तरह माहौल बना हुआ है उस स्थिति में उनकी जिम्मेदारी बड़ी है। गहलोत ने कहा कि राहुल गांधी का कहना था कि एक बार गैर गांधी परिवार का कोई नेता कांग्रेस अध्यक्ष बने। इसलिए मल्लिकार्जुन खड़गे को यह मौका मिला है। अब हम सब मिलकर कांग्रेस को मजबूत करने में जुटना चाहिए।

पाकिस्तानः पोलियो वैक्सीनेशन टीम की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मी की हत्या

क्वेटा। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो वैक्सीनेशन टीम की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मी की संदिग्ध आतंकियों ने मंगलवार को हत्या कर दी। यह टीम प्रांत के पिशिन एरिया में थी, जब यह

हादसा हुआ। पिशिन डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद यासिर ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया, ' टीम के सदस्यों को किसी तरह की चोट नहीं पहुंची। पुलिसकर्मी को मारने के तुरंत बाद हमलावर वहां से फरार हो गए। यह पहली बार नहीं है जब आतंकियों ने पोलियो वैक्सीनेशन टीम पर हमला किया है। इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं खैबर पख्तूनख्वा व कराची में हुई हैं। बता दें कि सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होने से इस तरह की घटनाओं में कमी आई है। बता दें कि इसी साल अगस्त में पोलियो वैक्सीनेशन टीम की रक्षा करने वाले दो पुलिसकर्मी की हत्या कर दी गई थी। अब तक किसी आतंकी गुट ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है इस साल पाकिस्तान में अब तक पोलियो के 20 मामले दर्ज किए हैं। सभी मामले खैबर पख्तूनख्वा के हैं। दुनिया के उन दो देशों में पाकिस्तान है जहां अभी पोलियो मौजूद है और इसे वायरल संक्रमण की श्रेणी में रखा गया है। दूसरा देश अफगानिस्तान है जहां अब तक पोलियो के मामले आ रहे है।

डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन देने की योजना अधर मे फंसा

(आधुनिक समाचार सेवा)

नोएडा। डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन देने की योजना फिलहाल अधर में है। सिंचाई विभाग की आपत्ति और विद्युत अधिनियम में कोई नियम नहीं होने की वजह से अधिकारी इस मामले में कदम बढ़ाने से बच रहे हैं। जबकि, ऊर्जा मंत्री डूब क्षेत्र में कनेक्शन देने के लिए आश्वासन दे चुके हैं। पिछले वर्ष केबिनेट में प्रस्ताव को मंजूर कराके प्री-पेड मीटर से आपूर्ति देने का भी आश्वासन दिया गया था, परंतु मामला अटका हुआ है। डूब क्षेत्र में चोटपुर, छिजारसी, बहलोलपुर, सोरखा, कुलेसरा और हल्दौनी आदि गांवों की कॉलोनी आती हैं। इनमें 35 हजार से अधिक परिवार रह रहे हैं। इस क्षेत्र में नियमानुसार बिजली कनेक्शन की मांग की जा रही है। इसके लिए डूब क्षेत्र में रहने वाले लोग धरना-प्रदर्शन के अलावा सोशल मीडिया पर भी मांग कर रहे हैं। कई बार ऊर्जा मंत्री और अन्य उच्चाधिकारियों से भी मांग कर चुके हैं। शहर के जनप्रतिनिधियों से भी बिजली कनेक्शन की मांग कर रहे हैं। डूब क्षेत्र निवासी राकेश कुमार और एसके ओझा ने बताया कि ऊर्जा मंत्री के आश्वासन के बाद बिजली कनेक्शन मिलने की उम्मीद थी, लेकिन अब तक कनेक्श नहीं मिले हैं। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार डूब क्षेत्र में पक्का निर्माण नहीं किया जा सकता है। डूब क्षेत्र में केवल खेती ही की जा सकती है। इस क्षेत्र में नियमानुसार कनेक्शन देना संभव नहीं है। सिंचाई विभाग भी डूब क्षेत्र में कनेक्शन देने पर कड़ी आपत्ति कर रहा है। इसके अलावा विद्युत नियामक आयोग में भी डूब क्षेत्र में कनेक्शन देने का कोई प्रावधान नहीं है। इस वजह से डूब क्षेत्र में कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय योगवीर सम्मान से सम्मानित होंगे महासंघ के योग शिक्षक

(आधुनिक समाचार सेवा)

सतना। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ राष्ट्रीय योग वीर सम्मान - 2022 का आयोजन आगामी 09 नवम्बर को नई दिल्ली के लाजपत भवन ऑडिटोरियम में

आयोजित करने जा रहा है। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ अपने प्रथम राष्ट्रीय कार्यक्रम की तैयारियां पूरे जोर-शोर से कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष योगगुरु मंगेश त्रिवेदी ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय मिश्र 'टेनी', केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेंद्रभाई कालूभाई, मोरार जी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योग के डॉयरेक्टर डॉ0 ईश्वर वी0 बसवारेड्डी को सादर आमंत्रित किया है। इस आमंत्रण को माननीयों ने सहर्ष स्वीकार कर लिया है। बताते चलें कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोविड काल में इम्यूनिटी बूस्टर ऑनलाइन योगाभ्यास कार्यक्रम, 51 लाख सूर्य नमस्कार कार्यक्रम, 71 लाख सामूहिक सूर्य नमस्कार अभ्यास कार्यक्रम, 21 लाख स्कूली बच्चों के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम सहित 75 लाख लोगों को हृदय रोगो से बचाव हेतु योगाभ्यास कार्यक्रम आदि विभिनन उपक्रमों में अपना सराहनीय योगदान देने वाले समस्त योग शिक्षकों, महासंघ के विभिनन पदाधिकारियों एवं मार्गदर्शक मंडल को राष्ट्रीय योग वीर सम्मान - 2022 से सम्मानित किया जाएगा। महासंघ से जुड़े सतना जिले से योग के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए योग शिक्षक प्रशान्त कुमार गौतम को भी सम्मानित किया जाएगा।

बीजिंग ने कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए यूनिवर्सल रिजॉर्ट को किया बंद

बीजिंग। यूनिवर्सल बीजिंग रिजॉर्ट मनोरंजन पार्क बुधवार को कोविड-19 की रोकथाम के उपायों के

लिए बंद कर दिया गया। वुहान और गुआंगझोउ शहरों ने कुछ जिलों को भी कोविड-19 की वजह से बंद कर दिया गया है। क्योंकि चीन में सख्त कोविड नीति के बावजूद मामले अधिक बढ़ रहे हैं। थीम पार्क ने यह संकेत नहीं दिया कि यह कब फिर से खुलेगा लेकिन कहा कि यह टिकटों को वापस करेगा या पुनर्निर्धारित करेगा। वीबो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, हम संचालन पर प्रभाव का आकलन करना जारी रखेंगे और जल्द से जल्द परिचालन फिर से शुरू करने का प्रयास करेंगे थीम पार्क 30 कॉमकास्ट कॉर्प के यूनिवर्सल पार्क एंड रिसॉर्ट्स के स्वामित्व में है। और 70ज़ राज्य के स्वामित्व वाले बीजिंग शौहुआन सांस्कृतिक पर्यटन निवेश के पास है।

हैरान कर देगा पूरा मामलाः फरीदाबाद में बैठे शख्स की जेब में क्रेडिट कार्ड

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। पीडिता का आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय बैंक

ने राशि में ब्याज जोड़कर 35 हजार रुपये की राशि कर दी। परेशान होकर पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। साइबर ठगों ने ग्रेटर फरीदाबाद में रखे एक क्रेडिट कार्ड से मुंबई में पेट्रोल डलवा लिया। पीड़ित के मोबाइल पर संदेश आने के बाद हैरानी हुई क्योंकि कार्ड उसकी जेब में ही था। पीड़ित ने मामले की शिकायत अपने बैंक में दी। आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय बैंक ने राशि में ब्याज जोड़कर 35 हजार रुपये की राशि कर दी। परेशान होकर पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। एसआरएस पर्ल फ्लोर सेक्टर-87 निवासी यशराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया 22 दिसंबर 2018 को उन्होंने सेक्टर-14 बाईपास रोड स्थित पेट्रोल पंप से गाड़ी में पेट्रोल डलवाया था। भुगतान के लिए उन्होंने अपना क्रेडिट कार्ड दिया। कर्मचारी उनके कार्ड को लेकर कमरे में गया और 1500 रुपये की स्लिप थमा दी। तीन जनवरी 2019 को मोबाइल पर संदेश आया कि उनके कार्ड से मुंबई के एक पेट्रोल पंप 5070.87 रुपये का पेट्रोल डलवाया गया है। जबकि, कार्ड उसके पास ही था। इसके बाद उनके पास अलग-अलग नंबर से भुगतान के फोन आने शुरू हो गए। हर महीने अलग-अलग नंबर से लोग बैंक से रिकवरी के लिए घर पर आकर भुगतान करने की धमकी देने लगे। बार-बार बैंक को बताने पर भी समस्या का समाधान करने के बजाय, बैंक बकाया राशि पर जुर्माना लगाता रहा।

गाजियाबाद में रिटायर्ड सब इंस्पेक्टर के बेटे की पीट-पीट कर हत्या

(आधुनिक समाचार सेवा)

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस से सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे की गाजियाबाद में

कार पार्किंग के विवाद में हत्या का मामला सामने आया है। घटना देर रात की है। फरार आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। लोनी भोपुरा रोड पर बिहारी ढाबे के बाहर गाड़ी खड़ी करने पर कहासुनी में कार सवार युवकों ने राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी और दिल्ली पुलिस के सेवानिवृत्त दरोगा के बेटे वरुण उर्फ अरुण की ईंटों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना मंगलवार रात करीब 8:50 बजे की है। वह पतने अंजली को मोहन नगर छोड़ने के बाद दोस्त संजय रावत और दीपक के साथ खाना खाने गए थे। पिता कुंवरपाल ने दोनों दोस्त समेत अज्ञात पर हत्या और तोड़फोड़ की धाराओं में मुकदमा कराया है। उधर गुस्साए परिजनों ने बुधवार सुबह टीला मोड़ थाने पर घेराव व सड़क जाम कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की दिल्ली पुलिस से सब इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त कंवरपाल सिंह जावली गांव में परिवार के साथ रहते है। उनके दो बेटे और दो बेटियां है। बड़ा बेटा अरुण उर्फ वरुण साहिबाबाद के लाजपत राय कॉलेज से एमए पास है और राष्ट्रीय स्तर का कुश्ती खिलाड़ी भी रह चुका है।

कम इन मैडम की संजना हुई बोल्ड, कराया स्किन टाइट ड्रेस में हॉट फोटोशूट

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। मे आई कम इन मैडम में संजना की भूमिका निभाने वाली नेहा पेंडसे ने इंस्टाग्राम पर अपनी लेटेस्ट वीडियो शेयर की है। इसमें उन्हें बोल्ड अंदाज में पोज देते हुए

देखा जा सकता है। नेहा पेंडसे ने बोल्ड वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'टिक टिक नेहा पेंडसे ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'टिक टिक।' इसके साथ उन्होंने एक बम की इमोजी शेयर की है। वीडियो में नेहा पेंडसे ने मोतियों से बनी स्किन टाइट ड्रेस पहन रखी है। उन्होंने बड़ी सी रिंग पहन रखी है। उन्होंने हाई हील्स पहन रखी है। उनके बाल खुले हुए हैं। उन्होंने मेकअप कर रखा है और वह हॉट अंदाज में बोल्ड पोज देती हुई नजर आ रही हैं। स्किन टाइट ड्रेस होने के चलते वह काफी कातिलाना पोज देती नजर आ रही हैं। नेहा पेंडसे की वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 1 घंटे में 14 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। वहीं इस पर 143 कमेंट किए गए हैं। नेहा का वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने इसके पहले भी एक वीडियो शेयर किया था, जिसे 74 हजार से ज्यादा लाइक्स मिले थे। नेहा पेंडसे टेलीविजन एक्ट्रेस हैं। वह लोकप्रिय धारावाहिक मे आई कम इन मैडम में संजना की भूमिका निभाती है। यह एक कॉमेडी शो है, जिसे काफी पसंद किया जाता है। नेहा पेंडसे ने कई टेलीविजन शोज में काम किया है। वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करती है। इसे लेकर उनके फैंस काफी उत्साहित रहते हैं। नेहा पेंडसे का अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। वीडियो पर कई लोगों ने दिल खोलकर कमेंट किया है। कई लोगों ने लिखा है, 'मे आई कम इन मैडम।' एक ने लिखा है, 'हॉट।' एक ने लिखा है, 'मैम आप फायर हो।' एक ने लिखा है, 'आग।

ब्रह्मास्त्र को लेकर रणबीर कपूर का अयान मुखर्जी पर फूटा गुस्सा कहा- बाप बनने वाला हूं

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। अयान मुखर्जी का ड्रीम प्रोजेक्ट ब्रह्मास्त्र अब रिलीज हो चुका है, फिल्म को हिट भी बताया जा रहा है। अयान के साथ-साथ

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने ब्रह्मास्त्र पर पांच सालों से ज्यादा का वक्त दिया। रिलीज से पहले भी तीनों ने जोर-शोर से फिल्म का प्रमोशन किया। आलिया ने तो प्रेगनेंसी के बीच भी लगातार फिल्म को प्रमोट किया। इतने हेक्टिक शेड्यूल से ये स्टार्स कितना तंग आ चुके थे, इस बात की सच्चाई अब सामने आई है। सोशल मीडिया पर रणबीर कपूर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह अयान मुखर्जी पर गुस्सा उतारते हुए दिख रहे हैं। इतने गुस्से में रणबीर को फैंस ने पहली बार देखा है। सिनेमाघरों में सफलता के बाद अब ब्रह्मास्त्र ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। ऐसे में फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी चाहते हैं कि ब्रह्मास्त्र का प्रमोशन एक बार फिर से किया जाए। ताकि, फिल्म को ज्यादा से ज्यादा से लोग देखें। बस इसी बात पर रणबीर आगबबूला हो गए हैं और फोन पर किसी को खूब खरी-खोटी सुना दी। वीडियो में देखा जा सकता है कि रणबीर कह रहे हैं, ठनहीं भाई, हो गया... एम डन। एम डन विद ब्रह्मास्त्र प्रमोशन्स, एम डन विद अयान मुखर्जी। ब्रह्मास्त्र डिजनी प्लस हॉटस्टार पर आ रही है, तो मतलब क्या है प्रमोशन मोर प्रमोशन्स, मोर प्रमोशन्स, मोर, मोर प्रमोशनस.। इतना तो आलिया ने फिल्म में शिवा- शिवा नहीं बोला होगा, डांस करके भूत बन चुका हूं मैं। आलिया की आवाज बैठ चुकी है, हर इवेंट में केसरिया गाते गाते। एक्टर ने आगे कहा, ठ150 ड्रोन्स उड़ा दिया, 250 लड्डू बांट दिए। अब क्या करूं, सबके घर जाऊं, सबसे हाथ जोड़कर बोलूं- देवियों, सज्जनों हमारी फिल्म ब्रह्मास्त्र आ रही है डिजनी प्लस हॉटस्टार पर आ रही है।

फिल्म देख भावुक हुए रजनीकांत ने ऋषभ शेट्टी को किया सलाम, कहा- रोंगटे खड़े कर दिय

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। कनन्ड़ सिनेमा की फिल्म कांतारा का जादू फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गजों को भी धीरे-धीरे अपनी गिरफ्त में ले रहा है। फिल्म के

ताजा फैन बने हैं थलाइवा रजनीकांत, जिन्होंने ऋषभ शेट्टी की फिल्म को मास्टरपीस करार दिया है। भारतीय सिनेमा में लीजेंड का दर्जा पाने वाले रजनीकांत खुद किसी फिल्म को मास्टरपीस कहें तो मेकर्स का खुश होना लाजमी है। ऋषभ ने बिना देर किये रजनीकांत को तारीफ का जवाब दिया। रजनीकांत ने बुधवार को ट्वीट करके फिल्म के बारे में लिखा- ज्ञात से ज्यादा अज्ञात अहम है। सिनेमा में इस बात को होमबेल की कांतारा फिल्म से बेहतर कोई नहीं कह सकता था। तुमने मेरे रोंगटे खड़े कर दिये ऋषभ। तुम्हारे लेखन, निर्देशन और अभिनय को सलाम है। इस मास्टरपीस फिल्म की पूरी स्टार कास्ट और क्रू बधाई। रजनीकांत के इस ट्वीट को रीट्वीट करते हुए ऋषभ ने लिखा- प्रिय रजनी सर, आप भारत के सबसे बड़े सुपरस्टार हैं और मैं बचपन से आपका फैन रहा हूं। आपकी इस तारीफ ने मेरा सपना सच कर दिया है। आप मुझे और ज्यादा स्थानीय कहानियां बताने और हर जगह हमारे दर्शकों को प्रेरित करते हैं। शुक्रिया सर। रजनीकांत से पहले कई साउथ स्टार्स ने कांतारा के सपोर्ट में ट्वीट किये थे। बॉलीवुड में कंगना रनोट ने फिल्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने उनके रोंगटे खड़े कर दिये। कंगना के मुताबिक, कांतारा को ऑस्कर अवॉर्ड्स में दावेदारी के लिए भेजा जाना चाहिए। वहीं, द कश्मीर फाइल्स के निर्देशक विवेक अगिन्होत्री ने भी फिल्म को मास्टरपीस बताते हुए कहा था कि उन्होंने ऐसी फिल्म पहली बार देखी है। विवेक ने कहा कि इसमें आर्ट और लोक कथा के साथ जमीन से जुड़ी कहानी है। फिल्म के क्लाइमैक्स की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी एनर्जी आपने पहले नहीं देखी होगी। बता दें, माउथ पब्लिसिटी के दम पर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। हिंदी बेल्ट में भी इसे खूब पसंद किया जा रहा है। फिल्म अब तक 26 करोड़ से ज्यादा नेट कलेक्शन हिंदी पट्टी में कर चुकी है।

जानें आखिर कौन हैं अफसाना खान सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में जुड़ा रहा है नाम

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड काफी सुर्खियों में रहा है। सिद्धू की मौत ने पूरे देश को चौंका कर रख दिया। वहीं अब एनआईए इस केस की जांच काफी सख्ती से कर रही है। बीते दिनों इस केस में एक नया और

चौंकाने वाला अपडेट सामने आया है। इस हत्याकांड मामले में मूसेवाला की मुंहबोली बहन और सिंगर अफसाना खान का नाम जुड़ता नजर आ रहा है। मंगलवार को अफसाना से एनआईए ने लगभग पांच घंटे तक पूछताछ की। एनआईए की टीम को शक है कि सिद्धू की हत्या में अफसाना खान की भूमिका हो सकती है। इस खबर ने एक बार फिर से नया मोड़ ले लिया है। बता दें कि इससे पहले भी अफसाना खान का विवादों में रह चुकी है। आइए जानते हैं आपको अफसाना खान के बारे में अफसाना खान पंजाब की मशहूर सिंगर हैं। उनका जन्म पंजाब में 13 जून, 1994 को श्री मुक्तसर साहिब के बादल गांव में हुआ था। वो एक संगीत से जुड़े परिवार से संबंध रखती हैं। उनके दादा, पिता और भाई सभी संगीतकार हैं। इसी वजह से बचपन से ही अफसाना का पूरा ध्यान संगीत की तरह ही रहा है। उन्होंने घर पर ही इसकी संगीत की शिक्षा ली। अफसाना ने अपने करियर की शुरुआत सिंगिंग रियलिटी शो से की। उन्होंने साल 2012 में सिंगिंग रियलिटी शो 'वॉइस ऑफ पंजाब सीजन 3' में हिस्सा लिया और वो टॉप 5 तक पहुंची थीं। इसके बाद वह 'राइजिंग स्टार' नाम के रियलिटी शो का हिस्सा भी रहीं, जिसके बाद अफसाना की पॉपलैरिटी बढ़ने लगी। वहीं उन्हें बतौर सिंगर 'जट्टा सारेम वे तू ढाक्का करदे' गाने से लोकप्रियता मिली थी और रातों रात वो फेमस हुईं थीं। आपको बात दें कि सिंगर अफसाना खान का विवादों से काफी गहरा नाता है। उनके खिलाफ साल 2020 में सरकारी स्कूल में छात्रों के सामने विवादित गाना गाने को लेकर शिकायत दर्ज हुई थी। इस घटना के बाद अफसाना को काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। यही नहीं वो बिग बॉस 15 का हिस्सा भी रहीं। वहीं इस शो में आने के बाद भी वो जमकर ट्रोल हुईं थीं। वो शो के दौरान खुद को मारती दिखी थीं, जिसके बाद उन्हें शो से बाहर कर दिया गया था।

भाई दूज पर अभिषेक बच्चन संग श्वेता बच्चन ने शेयर की तस्वीरें नोक-झोक के साथ यूं किया सेलिब्रेट

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन और जया बच्चन ने हाल ही में अपने बंगले पर एक शानदार दिवाली पार्टी रखी। जहां, लगभग पूरा बॉलीवुड शामिल हुआ। दिवाली पार्टी की कई

सारी तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे। अब भाई दूज पर भी बच्चन फैमिली ने कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें अभिषेक बच्चन और श्वेता बच्चन की नोक-झोक भरी बॉन्डिंग देखने को मिल रही है। भाई दूज के मौके पर श्वेता बच्चन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट एक साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह भाई अभिषेक बच्चन के साथ सोफे पर बैठी हुई दिख रही हैं। इन तस्वीरों में दोनों के एक्सप्रेशन देखने लायक है, क्योंकि दोनों किसी आम भाई-बहन की तरह एक-दूसरे से परेशान नजर आ रहे हैं। पहली फोटो में श्वेता बैठी हैं और गुस्से से सामने की ओर देख रही हैं, जबकि अभिषेक बच्चन मुंह बनाकर बगल में बैठी श्वेता को घूर रहे हैं। भाई- बहन की यह जोड़ी ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रही हैं। श्वेता ने यलो कलर का सलवार कुर्ता पहना है तो वहीं, अभिषेक ब्लू कलर के कुर्ते में दिख रहे हैं। पोस्ट को शेयर करते हुए श्वेता ने कैप्शन में लिखा, ठक्या बंदा है ये, बस धूप और इंद्रधनुष। हैप्पी भाई दूज। हाल ही में श्वेता अपनी बेटी नव्या नंदा के पॉडकास्ट का हिस्सा बनी थीं। जहां उन्होंने बच्चन परिवार का मीडिया के साथ रिश्ता और पॉपुलर सेलेब्स होना कैसा होता है, जैसे टॉपिक्स पर बात की। श्वेता ने कहा कि जब भी अभिषेक को ट्रोल किया जाता है या उसे भला बुरा कहा जाता है तो उनका खून खौलता है। श्वेता ने यह भी कहा कि हर बार अमिताभ बच्चन से अभिषेक की तुलना करना गलत है।

जाह्नवी कपूर को जिम के बाहर शॉर्ट्स में किया गया स्पॉट, ट्रोल ने कहा- पोस्ट जिम फुल

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। श्रीदेवी की बेटी जाह्नवी कपूर को मुंबई के बांद्रा इलाके में स्पॉट किया गया है। वह जिम से निकलकर गाड़ी में बैठती हुई नजर आ रही है। इस बीच उन्होंने पिंक कलर का क्रॉप टॉप, ब्लैक कलर की शॉर्ट्स पहन रखी है। उन्होंने एक बैग ले रखा है। उन्होंने मोबाइल ले रखा है और वह गाड़ी की ओर जा रही है। उनके बाल

खुले हुए है। उन्होंने हल्का मेकअप कर रखा है और वह कैमरे की ओर देखकर स्माइल भी कर रही है। जाह्नवी कपूर को इसे लेकर ट्रोल भी किया जा रहा है। एक ट्रोलर ने लिखा है, 'पोस्ट जिम फुल मेकअप।' वहीं कई लोगों ने उनकी इस लुक को लेकर लेकर सराहना भी की है। कई लोगों ने उनके वीडियो पर दिल और आग की इमोजी शेयर की है। जाह्नवी कपूर का वीडियो में स्लिम और टोंड फिगर भी नजर आ रहा है। वह गाड़ी में बैठती हुई नजर आ रही है। फोटोग्राफर विरल भयानी ने जाह्नवी कपूर का वीडियो शेयर किया है। इसे साढ़े 4 हजार के करीब लाइक्स मिले हैं। वहीं इस पर 45 कमेंट किए गए हैं। जाह्नवी कपूर फिल्म एक्ट्रेस है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। वह हाल ही में फिल्म गुड लक जेरी में नजर आई थी। अब वह जल्द कल मिली में नजर आने वाली है। इस फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में उनके अलावा और भी कई कलाकारों की अहम भूमिका है। जाह्नवी कपूर को हाल ही में दिवाली पार्टी में भी स्पॉट किया गया था। वह करण जौहर, सारा अली खान और अनन्या पांडे के साथ पोज करती नजर आ रही थी।

जब विजय देवरकोंडा ने हिंदी भाषा को बताया था 'हिब्रू

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। साउथ और बॉलीवुड एक्टर विजय देवरकोंडा ने इसी साल फिल्म लाइगर से बॉलीवुड में डेब्यू किया है। हालांकि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई, लेकिन विजय की एक्टिंग की तारीफ हर किसी ने की। इसी बीच अब बंगाली इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस और गायिका मालोबिका बनर्जी ने विजय

देवरकोंडा के बारे में एक खुलासा किया। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, मालोबिका बनर्जी ने विजय देवरकोंडा के साथ एक घटना को याद किया और एक इंटरव्यू में इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले उन्होंने विजय के साथ म्यूजिक वीडियो के लिए शूटिंग की थी। उन दिनों वह एक्टर से सेट पर हिंदी में बात करती थी और अभिनेता उन पर हंसते थे और हिंदी में बोलने के लिए उनका मजाक उड़ाया था। इतना ही नहीं वह तुरंत सेट पर तेलुगु में बोलना शुरू कर देते थे। आगे मालोबिका ने बताया कि विजय ने कहा था कि हिंदी भाषा उन्हें 'हिब्रू भाषा की तरह लगती है'। इंटरव्यू में, मालोबिका ने कहा कि अब जब मैंने विजय की पहली हिंदी फिल्म लाइगर के टीजर देखा, जो अगस्त में रिलीज हुई थी। इसे देख मैं हैरान रह गई। इस भाषा का उन्होंने मजाक उड़ाया था अब वह उसी भाषा में फिल्म कर रहे है। मालोबिका ने आगे बताया कि- जब फिल्म का प्रचार कर रहे थे तो मैं लोगों को बताना चाहती थी कि उन्होंने कैसे हिंदी का मजाक उड़ा रहे थे और अब एक हिंदी फिल्म कर रहे हैं, लेकिन वह मेरे अच्छे दोस्त हैं इसलिए मैंने ऐसा नहीं किया। हालांकि आगे मलोबिका ने विजय देवरकोंडा की तारीफ भी की और बताया कि वह एक अच्छे इंसान हैं और बहुत ही मेहनती इंसान भी है।

आइरा खान ने मंगेतर नूपुर शिखरे संग मनाई दिवाली, इस अंदाज में नजर आया ये कपल

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। एक्टर आमिर खान की लाड़ली बेटी आइरा खान अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। पिछले काफी सालों से आइरा नूपुर शिखरे को डेट कर रही हैं। सोशल मीडिया पर ये कपल एक दूसरे संग अपनी रोमांटिक तस्वीरे साझा करते रहते

हैं। इसी बीच अब दोनों की दिवाली सेलिब्रेशन की फोटो सामने आई है जिसे खुद आइरा ने शेयर किया है ये कपल हर त्यौहार एक साथ सेलिब्रेट करता है। इस बार दिवाली के मौके पर भी दोनों साथ नजर आए। इन तस्वीरों में अपने मंगेतर नूपुर शिखरे और उनकी मां प्रीतम शिखरे के साथ नजर आ रही है। उनके अलावा कुछ दोस्त भी नजर आ रहे हैं। इस मौके पर आयरा बेज कलर की साड़ी में नजर आ रही है, तो वहीं नूपुर येलो एंड ब्लैक कलर के कुर्ते पजामे में दिखाई दे रहे हैं। आइरा ने 7 तस्वीरें शेयर की है हर फोटो में अलग अलग लोगों के साथ नजर आ रही है। पहली तस्वीर में आयरा कैमरे की तरफ पोज देती नजर आ रही है, जबकि नूपुर ने उन्हें अपनी बाहों में भरा है। अगली फोटो में दोनों को एक साथ मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है। इन फोटोज के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा- हैप्पी दिवाली। बता दें एक महीने पहने आइरा ने अपने बॉयफ्रेंड नूपुर शिखरे से कथित तौर पर सगाई की थी। आइरा ने एक वीडियो शेयर किया था, जिस में उनके बॉयफ्रेंड उन्हें बेहद रोमांटिक अंदाज में प्रपोज कर अंगूठी पहनाते नजर आए थे।

दशहरे से दिवाली के बीच आयुष शर्मा ने किया दो नई फिल्मों का एलान, बर्थडे पर दिखायी 'एएस 04' की झलक

(आधुनिक समाचार सेवा)
नई दिल्ली। सलमान खान के ब्रदर-इन-लॉ आयुष शर्मा ने अपने जन्मदिन पर अपनी निर्माणाधीन

फिल्म एएस 04 का टीजर रिलीज किया, जिसमें आयुष का एक्शन अवतार सामने आया। आयुष ने दर्शकों और फैंस के प्यार को अपनी पहचान बताते हुए टीजर साझा किया है। एएस 04, आयुष की चौथी फिल्म है। टीजर की शुरुआत आयुष के विजुअल से होती है। अंधेरे में बैठे हुए वो गिटार पर कोई ट्यून बजा रहे हैं। स्पेशल कमांडोज जैसे कुछ किरदारों की एंट्री होती है, जो वहां किसी की तलाश में पहुंचे है। आयुष से सामना होने पर कमांडोज उन्हें चेतावनी देते है। कुछ ही देर में बाजी पलट जाती है। एएस 04 का निर्देशन कात्यायन शिवपुर कर रहे हैं। आयुष ने टीजर के साथ लिखा- बर्थडे पर कुछ एक्शन थ्रिल तो बनता है। आप सबका प्यार ही मेरी पहचान है। आपकी शुभकामनाओं के लिए शुक्रिया। इससे पहले दशहरे के मौके पर आयुष ने अपनी तीसरी फिल्म एएस 03 का टीजर के साथ एलान किया था। टीजर में आयुष को जंगल में एक्शन करते हुए दिखाया गया था और उनका रूप काफी अलग दिख रहा था। टीजर के अंतिम दृश्य में बिजली कड़कती है और आयुष के पीछे रावण की आकृति उभरती है। इसके साथ कविता के अंदाज में लिखा गया था- कुछ लोगों के लिए राजा, कुछ लोगों के लिए राक्षस। कुछ लोगों के लिए अच्छा, कुछ लोगों के लिए बुरा। कौन हूं मैं जल्द शिकार शुरू हो रहा है। इन दोनों फिल्मों के एलान से पता चलता है कि आयुष ने दशहरे और दिवाली के बीच उनके खाते में दो फिल्में आ गयी है। उनका फिल्मी करियर रोमांटिक फिल्म लवयात्री से शुरू हुआ था, जिसका निर्माण सलमान खान ने किया था। आयुष की दूसरी फिल्म अंतिम पिछले साल आयी। महेश मांजरेकर निर्देशित फिल्म में आयुष का बिल्कुल बदला हुआ रूप सामने आया। उन्होंने अपनी फिजीक पर मेहनत की और एक्शन किया। इस फिल्म में उन्हें सलमान खान का साथ भी मिला। आयुष की फिल्मों की च्वाइस देखते हुए लगता है कि उन्होंने कहानियां चुनने का अंदाज बदल लिया है, साथ ही अपनी पहचान को भी बदल रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।